


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-86 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) शनिवार 10 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## जवाबी हमले से बचने के लिए अपने नागरिकों को ढाल बना रहा पाकिस्तान

# पाकिस्तान पर कहर बनकर टूट रही हिन्द की सेना



### पाकिस्तान ने 400 ड्रोन के जरिए भारत पर अटैक की कोशिश की : कर्नल सोफिया

नई दिल्ली ( ए. )। पहलगाम आतंकी हमले के बदले भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर हाहाकार मचा दिया है। विदेश मंत्रालय की ओर से पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों और भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से जुड़े मामले पर जानकारी देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से गुरुवार रात देश के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रेन हमले की कोशिश की गई। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के हर हमले का करारा जवाब दिया।

**कर्नल सोफिया क़ुरैशी ने दी ये जानकारी**

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, 8-9 मई की रात पाकिस्तानी सेना हमला करने की कोशिश की. पाकिस्तान ने सीमा पर भारी गोलाबारी भी की। घुसपैठ की भी कोशिश की गई। भारतीय सेना पाकिस्तान के ड्रोन मार गिराए। इसका मकसद खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। ये तुर्की के बने ड्रोन थे। पाकिस्तान ने पुंछ मेंढर समेत कई सेक्टर में ड्रोन के साथ गोलाबारी भी की। भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को नुकसान हुआ है। करीब 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने ड्रोन को मार गिराया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने भारतीय वायु सीमा का कई बार उल्लंघन किया। पाकिस्तानी हमले में भारत के कई जवान शहीद हुए हैं। भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा है।

**अपने नागरिक विमानों को ढाल बना रहा पाकिस्तान**

कर्नल सोफिया कुरैशी ने आगे बताया कि पाकिस्तान अपने नागरिक विमानों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

ये सुरक्षित नहीं है। सोफिया कुरैशी ने तस्वीर दिखाते हुए कहा कि कराची और लाहौर लाइन पर नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय वायु सेना ने काफी संयम दिखाया। इन नागरिक विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

#### जम्मू-कश्मीर से लेकर राजस्थान तक ड्रोन्स अटैक

### फिरोजपुर में परिवार के कई लोग झुलसे; भारत ने कई जगह हमले नाकाम किए

अमृतसर ( ए. )। पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी। रात 8:30 बजे पंजाब के फिरोजपुर, अमृतसर में मिसाइल अटैक किया। इसे नाकाम कर दिया गया। उधर, राजस्थान के पोकरण, जम्मू के सांबा में भी ड्रोन हमला किया गया। इसके अलावा श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी हमला किया गया।अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। यहां बड़ा धमाका सुना गया। उधर, चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी दी गई है।



### PM मोदी के साथ बैठक में CDS, NSA और तीनों सेना प्रमुखों के बीच मंथन, 24 एयरपोर्ट 15 मई तक किए बंद

नई दिल्ली(ए)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास पर बेहद अहम बैठक की गई। बैठक में पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, NSA अजित डोभाल, CDS अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद हैं। बैठक में मौजूदा हालातों पर मंथन किया गया। वहीं देशभर में 24 एयरपोर्टस को अब 15 मई तक बंद करने का ऐलान किया गया है, पहले यह तरीख 10 मई तक थी। इससे पहले आज दिन में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है।



### जम्मू एयरफोर्स बेस पर विस्फोट की खबर निकली झूठी, पाकिस्तान के फेक दावों की खुली पोल

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा पर लगातार हमले की कोशिश जारी है, लेकिन भारतीय सेना की तरफ से भी पाकिस्तानी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। इस बीच, सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक दावों के साथ पोस्ट भी शेयर किए जा रहे हैं। ऐसी ही एक पोस्ट में दावा किया गया कि जम्मू एयरफोर्स बेस पर विस्फोट हुआ है, लेकिन इसकी सच्चाई कुछ और ही है।पीआईबी फैक्ट चेक ने जम्मू एयरफोर्स बेस पर विस्फोट के पाकिस्तान के दावों की पोल खोल दी है। पीआईबी के फैक्ट चेक में पुष्टि हुई है कि जिस तस्वीर को जम्मू एयरफोर्स बेस का बताया जा रहा है, वह तस्वीर साल 2021 में काबुल एयरपोर्ट पर हुए ब्लास्ट की है। पीआईबी फैक्ट चेक ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर बताया, भारत में जम्मू एयरफोर्स बेस पर कई विस्फोटों के झूठे दावों के साथ एक पुरानी तस्वीर प्रसारित की जा रही है।

### जनजातीय कला और कलाकारों पर है मां सरस्वती का आशीष : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

#### जनजातीय कला, बोली एवं संस्कृति का प्रशिक्षण देने के लिए खालवा में बनेगा देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल



भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। जनजातीय समृद्ध कला विरासत और इसके कलाकारों को मां सरस्वती का आशीष प्राप्त है। जनजातीय कलाकारों की कल्पनाशीलता प्रशंसनीय है। एक सधे और गढ़े हुए हाथों से बारीक चित्रकारी कर जनजातीय कलाकारों ने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### *मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल" की 28वीं बैठक 10 मई को*

#### *दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल*

*भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक 10 मई को अपरान्ह 3 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन में होगी। इसी दिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज के एम.ओ.यू. पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना होगी। "ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना" विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है।*

### भारत की पाकिस्तान पर दोहरी मार, जैश के 7 आतंकी ढेर; सांबा में घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा में लगातार मुस्तैद है और पाकिस्तान के हर नापाक मंसूबे को ध्वस्त कर रहा है। बीती रात पाकिस्तान द्वारा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए हवाई हमलों की कोशिशों को सफलतापूर्वक नाकाम करने के बाद, सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकवादियों को मार गिराया है।सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सांबा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हो रही घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान बीएसएफ के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे सात घुसपैठियों को ढेर कर दिया।

### सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों तैयार, देश में अन्न की कोई कमी नहीं : शिवराज सिंह चौहान



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में अन्न के भंडार भरे हुए हैं और हमारे पास चावल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में किसान तैयार हैं। इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है और हमारे किसान अगली फसल के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशवासियों को आश्वासन देते हुए कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में या जरूरत के समय सभी निश्चिंत रहें। हम तैयार और सक्षम हैं।केंद्रीय मंत्री चौहान ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 2023-24 में देश में खाद्यान का उत्पादन 3,322.98 लाख मीट्रिक टन था और जिसे देश के किसानों ने बढ़ाकर अब 3,474.42 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। उन्होंने कहा, चावल का उत्पादन पिछले वर्ष के 1,378.25 लाख मीट्रिक टन की तुलना में इस बार 1,464.02 लाख मीट्रिक टन रहा। वहीं, गेहूं का उत्पादन 1,132 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर इस वर्ष 1,154 लाख मीट्रिक टन हो गया है। हालांकि, यह केवल अनुमान है, इसमें और भी बढ़ोतरी की संभावना हैकेंद्रीय मंत्री चौहान ने जानकारी दी कि इस वर्ष दालों का उत्पादन 242 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया है। तिलहन का उत्पादन भी 296.69 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 428.98 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। देश में फलों और सब्जियों की भी कमी नहीं है।




### हिमाचल ने पंजाब और जम्मू जाने वाली बस सेवाओं पर लगाई रोक, वैष्णो देवी यात्रा भी प्रभावित



शिमला (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब परिवहन सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए पंजाब और जम्मू क्षेत्र की ओर जाने वाली अपनी बस सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया है। एचआरटीसी प्रबंधन ने पठानकोट, अमृतसर, जालंधर और जम्मू के लिए चलने वाली सभी बसों का संचालन अगले आदेश तक बंद कर दिया है। इसके साथ ही, माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जाने वाली बसों को भी रास्ते से ही वापस लौटाया जा रहा है। निगम ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी स्थगन के मद्देनजर बनाएं। एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने इस संबंध में जानकारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जिंदल ने आश्वस्त किया कि जैसे ही हालात सामान्य होंगे और बस सेवाओं को दोबारा शुरू करना संभव होगा, यात्रियों को तत्काल सूचित किया जाएगा। इस अस्थाई रोक से यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए निगम ने खेद व्यक्त किया है।


## देश की सुरक्षा में सदैव तत्पर अदम्य साहसी भारतीय सेना के समर्थन में देश का प्रत्येक नागरिक



सौजन्य से :- दैनिक क्षितिज किरण ग्रुप





# नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चस्तरीय बैठक में दिए अहम निर्देश



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता ए. साईं मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

भोपाल(आरएनएस)। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद शुक्रवार को एमपी कांग्रेस ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने शिवाजी महाराज चौराहे से शौर्य स्मारक तक निकली।

कांग्रेस की तिरंगा यात्रा में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, संगठन प्रभारी महासचिव संजय कामले, भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी पटेल सहित तमाम कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।यात्रा में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक बात साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को शरण देता रहा है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे देश की इंटेलिजेंस और रॉ ने सही तरीके से आतंकियों के ठिकानों को चिह्नित किया और हमारा निशाना सही जगह पर लगा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- यह काबिले तारीफ कार्रवाई है। मैं समझता हूं कि सेना मजबूती काम कर रही है।

## वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करें -संभागायुक्त संजीव सिंह

भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने वन क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों राजस्व, वन और खनिज के बीच समन्वय स्थापित कर आगामी सप्ताह में संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त सिंह ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय में संभाग स्तरीय टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त राजेश कुमार खरे,



राजस्व उपायुक्त किरण गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने कहा कि वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की नियमित बैठकें की जाएं और भूमि का विस्तृत सर्वे कर जानकारी संधारित की जाएं। सिंह ने राजस्व-वन सीमा के निर्धारण के लिए सम्बन्धित विभाग द्वारा कार्यवाही कर नक्शे में जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने अभ्यारण क्षेत्रों में बसे ग्रामों के विस्थापन की प्रक्रिया को उच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही वन क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने पर बल दिया।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की चाकू मारकर हत्या

भोपाल(आरएनएस) ।गौतम नगर इलाके में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतक की बहन ने हत्या का आरोप चार लोगों पर लगाया है, जबकि पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों ने शुक्रवार दोपहर थाने का घेराव कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मृतक शाहरुख खान (29) इंद्रा सहायता नगर का रहने वाला था और शादी-ब्याह में घोड़ा-बग्गी किराए पर देने का काम करता था। आरोपी अमन जिलानी मिठाई बनाने का काम करता है। दोनों ही शराब पीने के आदी थे। गुरुवार रात अमन ने शाहरुख से शराब पिलाने की मांग की, लेकिन शाहरुख ने मना कर दिया। इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई और गुस्से में आकर अमन ने शाहरुख पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और मौके से भाग गया।परिजन उसे घायल हालत में हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही घंटों में पुलिस ने आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया गया है।मृतक की बहन सीमा ने बताया कि वह रात को घर पर थी, तभी सूचना मिली कि अमन जिलानी, उसके भाई और दो अन्य लोग शाहरुख पर हमला कर रहे हैं। वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां देखा कि चारों युवक शाहरुख को पीट रहे थे।





ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कान्क्लेव में लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया

## जनजातीय शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक संभाग में खोले जायेंगे ट्रायबल मार्ट : मंत्री डॉ. शाह

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जनजातीय शिल्प को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दिलायेंगे पहचान



भोपाल (निप्र)। जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय शिल्प को बाजार उपलब्ध कराने के लिये संभाग एवं ट्रायबल के 20 जिलों में ट्रायबल मार्ट खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कलाकारों को उनके उत्पाद का पूरा मूल्य नहीं मिल पाया। सभी शिल्पकारों और कलाकारों को उनके उत्पाद के माध्यम से उचित मूल्य दिलाकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त बनाया जायेगा। मंत्री डॉ. शाह शुक्रवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अतिथि कलाकारों को संबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय शिल्प महोत्सव में प्रदेश के जनजातीय कलाकारों द्वारा निर्मित विभिन्न शिल्प कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय स्वरूप को संरक्षित करने की आवश्यकता है। जनजातीय वर्ग की पहचान उनके विशेष पहनावे, भोजन, वस्त्रों, नृत्य, संगीत और वाद्य यंत्रों के माध्यम से भी की जाती है। उनकी पारंपरिक वेषभूषा एवं तीज-त्यौहारों के महत्व को हम समझते हैं। परन्तु आधुनिकता के साथ उनकी यह पारंपरिक पहचान लुप्त सी होने लगी हैं। इसे जीवित रखने के उद्देश्य से इस शिल्प ग्राम महोत्सव के माध्यम से ट्रेनर्स के लिये ट्रेनिंग कार्यक्रम रखे गये हैं। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि शिल्प उत्पादों को पहचान दिलाने के लिये मध्यप्रदेश सरकार प्रयासरत है। इस अनुक्रम में नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ डिजाइन भोपाल के माध्यम से आदिरंग प्रोजेक्ट प्रारंभ किया जा रहा है। इससे जनजातीय शिल्पकारों को उनके कौशल उन्नयन करेंगे। इस प्रकार प्रशिक्षित हमारे कलाकार अन्य शिल्पियों और कलाकारों को प्रशिक्षित करेंगे।

## 6 माह से फरार कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना 3 साथियो सहित गिरफ्तार, निकाला जुलूस

### -30 हजार का था इनाम, कई महीनो से हुलिया बदल कर काट रहे थे फरारी



भोपाल(ए.)। शहर में आधी रात दो थाना इलाके में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना और उसके गुर्गों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस से बचने के लिये भागने की कोशिश में बदमाश जुबैर मौलाना का पैर भी टूट गया। इतना ही नहीं पुलिस ने बदमाशों के पास से जानलेवा हथियार भी बरामद किए हैं। बदमाश फार्म हाउस पर अपने साथियों के साथ फरारी काट रहा था। जानकारी के अनुसार मंगलवारा और टीला इलाके में आपसी रंजिश के चलते जुबैर ने अपने साथियों के साथ मिलकर 6 मई की अलसुबह साद निवासी मंगलवारा के घर पहुँच कर साद समझ कर सैफ के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया था। मामले में फरियादी सैफ अली की रिपोर्ट पर थाना मंगलवारा मे मामला कायम किया गया। वहीं इस घटना के बाद अलसूबह ही करीब पौने छह बजे साद के इन्द्रानगर थाना टीलाजमालपुरा मे रहने वाले बहनोई फैसल के घर जाकर भी जुबेर मौलाना और उसके करीब दर्जन भर साथियो ने पिस्टल से हवाई फायर किया था। इस मामले में सोहेल पिता सईद की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस को कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना और उसके साथियों की तलाश थी। गुरुवार को मुखबिर से पुलिस टीम को सूचना मिली की इस्लाम पुरा ईटखेडी मे बिलाल के घर पर जुबेर मौलाना अपने साथियों सहित छिपा हुआ है। पुलिस ने बिलाल के घर पर दबिश दी गई इस दौरान जुबेर मौलाना मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने उसके साथी जहीर खान को दबोच लिया। बाद में टीम ने सूचना मिलने पर जेपी नगर के पास यूनियन कार्बाइड की बाउंड्री किनारे छिपे बदमाश जुबेर मौलाना को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम ने मुखबिर की मदद से शकीर उर्फ सन्नी मलिक और फैजल खान को सीआई कॉलोनी जहांगीराबाद से धर दबोचा। गौरतलब है कि दो दिन पहले आरोपी जुबेर और उसकी गैंग ने थाना मंगलवारा और टीला जमालपुरा में अलसुबह गोली चलाकर दहशत फैलाई थी। पॉच बदमाश दो तीन दो पहिया वाहनों पर सवार थे। इसके सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। दोनों थाना पुलिस ने जुबेर समेत अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। इसके पूर्व जुबेर दो अन्य मामलों में फरार चल रहा था। बदमाश जुबैर मौलाना के खिलाफ गैरतगंज के अलावा भोपाल में कई अपराध दर्ज हैं। जिसमें उस पर तीस हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस से बचने के लिये उसने अपना हुलिया बदलते हुए अपने बाल भी मुंडवा लिए थे। जिससे उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा था। वहीं भागने की कोशिश में पैर टूटने से उसके पैर में प्लास्टर चढ़ा है। हालांकि अस्पताल से उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस ने गोलीकांड में फरार चल रहे बदमाशों में जुबेर मौलाना, जहीर खान, सन्नी उर्फ शकील और फैसल खान को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस सहित धारदार हथियार जप्त किये है।जुबैर मोलाना भोपाल शहर का कुख्यात बदमाश है, उसके खिलाफ शहर के अनेक थानो मे करीब 53 मामले दर्ज है। उसके खिलाफ लगभग 26 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। वह थाना गैरतगंज जिला रायसेन में दर्ज धारा 109,3(5) बीएनएस के मामले में अक्टूबर माह से फरार चल रहा था, उसकी गिरफ्तारी पर आईजी होशंगाबाद रेंज द्वारा 10 हजार, थाना जहांगीराबाद में दर्ज मामले में करीब 10 महीने से फरार रहने के दौरान 10 हजार रुपये और उसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपायुक्त जोन-3 द्वारा भी 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वहीं बदमाश मो शकील उर्फ शन्नी मलिक शहर के पूर्व कुख्यात बदमाश मुख्तार मलिक का भांजा है। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने सभी बदमाशो का इलाके में जुलूस भी निकाला।

## ऑटो चालक ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

भोपालई (आरएनएस) ।रातीबड़ इलाके में शुक्रवार तड़के शराब के नशे में एक ऑटो चालक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह देर रात शराब पीकर घर लौटा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस के मुताबिक पूजा कॉलोनी निवासी रंजीत सिंह पुत्र कमल सिंह (35) ऑटो चालक था। वह शराब पीने का आदि था।

## लंबित बिजली बिलों की वसूली की कार्य-योजना बनायें





### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित बिजली बिलों की वसूली के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनायें। उन्होंने कहा कि बिजली बिल वसूली की त्रैमासिक समीक्षा करेंगे।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और इसका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें। लाइन लॉसेस कम करने के लिये लक्ष्य तय करें। साथ ही अवैध बस्तियों में स्थायी बिजली कनेक्शन देने के संबंध में सभी पहलुओं का अध्ययन कर योजना बनायें।मंत्री श्री तोमर ने वितरण ट्रांसफार्मर में मीटरीकरण समय-सीमा में कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-केवाईसी, उद्योग मित्र योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये।

### घटना-दुर्घटना पर रखें कड़ी नजर

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के साथ चल रहे तनाव के मद्देजनर किसी भी घटना-दुर्घटना पर कड़ी नजर रखें। हर हाल में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिये। जिला प्रशासन के सतत सम्पर्क में रहें, किसी भी स्तर पर मिस कम्युनिकेशन नहीं होना चाहिये।अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी अविनाश लवानिया, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षितिज सिंघल उपस्थित रहे। बैठक में एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अनय द्विवेदी, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अनूप सिंह, एमडी ट्रांसको सुनील तिवारी और एमडी जनरेशन कम्पनी मंजीत सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

# समस्याओं का समाधान समय-सीमा में करें


## अयोध्या नगर क्षेत्र की कालोनियों में पुलिस रात्रि गश्त करे : राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की सोनागिरी सहित अन्य कालोनियों में रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा में समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। स्थानीय रहवासियों ने सड़कों के निर्माण, सीवेज नेटवर्क के सुधार सहित अन्य ज़रूरी माँगों के संबंध में राज्यमंत्री श्रीमती गौर का ध्यान आकृष्ट कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जरूरतमंदों की थाली में स्वाद, सम्मान और संपूर्ण पोषण बना रहे, इसी भावना से वह दीनदयाल रसोई घर, सोनागिरी का निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, सफाई और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या बायपास स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटन सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर मिल सके। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या एक्सटेंशन लेक सिटी में भ्रमण कर नागरिको से भेंट की। क्षेत्र में अवैध बिजली कनेक्शन, सीवेज नेटवर्क को लेकर कुछ समस्या लोगों ने बताई, जिसके निराकरण के लिए उन्होंने त्वरित निर्देश दिए। अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड एंव अयोध्या एक्सटेंशन सी-सेक्टर के रहवासियों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पेयजल पाइप-लाइन में लीकेज की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। यहां के रहवासियों ने पार्क की फेंसिंग कर सौंदर्यीकरण की मांग की और महिलाओं ने रात के समय पुलिस गश्त नहीं होने की शिकायत की। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को समय-समय पर पुलिस गश्त करने और अपराध रोकने की निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बसंत कुंज में पार्क की फेंसिंग करने और गार्डन की सफाई के निर्देश दिए। आजाद नगर, अमृत कुंज के रहवासियों ने बताया कि हाई टेंशन लाइन घर के ऊपर से गुजर रही है, जिससे हादसे होते हैं। नागरिकों ने इसे शिफ्ट करने की मांग की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को कवर कंडक्टर लगाकर हाईटेंशन लाइन को घरों से दूर करने के निर्देश दिए और सर्वे कर आगे की कार्यवाही करने के लिए कहा। भेल नगर कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, प्रेस कॉलोनी और आनंद नगर के रहवासियों ने नाली निर्माण, सफाई नहीं होने और एक ही ट्रांसफार्मर से कई कॉलोनी में बिजली सप्लाई की समस्या से अवगत कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने किया ग्राम पंचायतो का निरिक्षण

इन्दौर (आरएनएस)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने आज विकासखंड महू के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं/संस्थाओं व जनपद पंचायत अंतर्गत संचालित उद्यमों का भ्रमण सह निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कोदरिया एवं इससे लगे अन्य गाँवों में निरीक्षण के दौरान आलू चिप्स उद्योग से निकलने वाले दूषित पानी के कारण गंभीर नदी में हो रहे जल प्रदूषण के प्रबंधन पर चर्चा की। कोदरिया में लगभग 113 इस तरह के छोटे बड़े उद्योग संचालित है। इन उद्योगो से स्टार्च युक्त एवं केमिकल का दूषित जल निकल रहा है। चर्चा में इस तरह के दूषित जल के उचित निपटान पर चर्चा की गयी। बड़ी मात्रा में स्टार्चयुक्त जल होने से इसे उपयुक्त तकनीक के माध्यम से ही शोधित किया जा सकेगा, इस हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य कार्यालय से मार्गदर्शन व इस कार्य मे दक्ष संस्था या सलाहकारों की सहायता प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये। ग्राम



पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मलेन्दी में निर्माण कार्यों व प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो का अवलोकन किया। आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की। ग्राम भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के योजना का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत महू में विभिन्न विकास कार्यो को लेकर योजना प्रभारियो, उप यंत्री , एडीओ ,पीसीओ व समस्त स्टाफ की बैठक ली गयी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, खेत तालाब योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना , जल जीवन मिशन, ई-केवायसी इत्यादि योजनाओ कि विस्त्रत समीक्षा बैठक ली गयी व जिला और राज्य स्तर से प्रदाय लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने व गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने हेतु सम्बन्धितो को निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंकज दरोठिया, सहायक यंत्री, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक व अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रात में 4 लोगों ने मिलकर किया हमला, घायलों में एक महिला भी सड़क से निकलने की बात ने तूल पकड़ा

उज्जैन, (आरएनएस)। चार लोगों ने मिलकर एक ही परिवार के चार लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान नुकीली चीज का भी प्रयोग किया गया। इस हमले में एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफप्रकरण दर्ज कर लिया है।चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में सडक़ से निकलने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ। बजरंग नगर में हैंडपंप वाली गली में रहने वाले धीरज पिता अशोककुमार सोनी ने शिकायत दर्ज करवाई है। उसने पुलिस को बताया कि विगत रात करीब 12.45 बजे सडक़ से निकलने की बात को लेकर बजरंग नगर में रहने वाले युवराज सिंह, गौतम, अजय और अशोक ने हमला कर दिया।आरोपियों ने धीरज सोनी, उसके मामा जयप्रकाश सोनी, प्रभा सोनी और कमल सोनी के साथ मारपीट की उनके पास कोई नुकीली चीज थी उससे भी वार किया गया। घायल धीरज, जयप्रकाश, प्रभा और कमल सोनी को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने इस शिकायत पर आरोपी युवराज, गौतम, अजय और अशोक के खिलाफप्रकरण दर्ज कर लिया है।

## महिला शौचालय में जाने पर पीटा

उज्जैन,(आरएनएस)। महिला शौचालय में जाना एक युवक के लिए भारी पड़ गया। बाहर निकलते हुए उसे देख लिया तब एक कमरे में ले जाकर उसकी पिटाई की गई। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया उमेश पाल के साथ धर्मशाला के कमरे में ले जाकर आरोपी रोहित, नितिन टांक, नानू और उनके एक अन्य साथी ने मारपीट की। महिला शौचालय में टॉयलेट करने की बात को लेकर यह विवाद हुआ था। हमलावरों का कहना था कि उमेश को महिला शौचालय में नहीं जाना चाहिए था। पुलिस ने उमेश की शिकायत पर आरोपी रोहित, नितिन, नानू और उनके एक अन्य साथी के खिलाफप्रकरण दर्ज किया गया है।

## कंटेनर ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, एक युवक की मौत

उज्जैन,(आरएनएस)। तेज रफ्तार से दौड़ रहे कंटेनर ट्रक चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाते हुए देवास रोड पर बाइक को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कंटेनर ट्रक के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार होंडा कार शोरूम के पास तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ट्रक के चालक ने बाइक को टक्कर मारी। इस हादसे में बाइक सवार कालू पिता नारायण राठी निवासी इंदिरानगर नागझिरी, कैलाश पिता त्रिलोकचंद माली निवासी उद्योगपुरी नागझिरी और पंचायत प्रेस के पास नागझिरी निवासी रवि पिता गोविंद यादव निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए।

दो चरक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रवि यादव को सांवेर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल कालू और कैलाश का उपचार चल रहा है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक के चालक के खिलाफप्रकरण दर्ज किया है।

## आदर्श ग्राम पंचायत रजनिया झरिया नाला बेल्हा में पंचायत व नवांकुर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में किया गया बोरी बंधान

### जन जन के सहयोग से जल बचाओ अभियान में जन अभियान परिषद की भूमिका अहम



सिंगरौली(आरएनएस)। को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के नेतृत्व में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिंगरौली के पर्यवेक्षण में आदर्श ग्राम पंचायत रजनिया शिव मंदिर के पास झरिया नाला बेल्हा में पंचायत एवं नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी के संयुक्त तत्वावधान में 90 बोरी का किया गया बोरी बंधन कार्य। गौरतलब हो कि जेठ की दुपहरी में कड़कड़ाती धूप में घरों से निकलना लोगों को मुश्किल होता है,छांव की तलाश में पशु पक्षी भी जगह ढूंढते नज़र आते हैं,किन्तु धन्य है वो लोग जो समाज हित के लिए कड़ी दुपहरी में भी जल बचाओ अभियान में अपना अमूल्य समय दे रहे है। मुख्यमंत्री के एक आह्वान पर जल बचाओ अभियान में नवांकुर संस्था ने कूद पड़ा मैदान में,इसी कड़ी में रजनिया आदर्श ग्राम पंचायत में बोरी बंधान कार्य किया गया।जल संरक्षण जन जन के सहयोग से श्रमदान कार्य बहुत ही बेहतरीन किया गया जिसमें आस-पड़ोस के लोगों में खुशी का मौहल देखा गया।कार्यक्रम में शामिल सेक्टर -निवास कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू,भाजपा मंडल रजनिया महामंत्री सुरेश कुमार साहू,ग्राम पंचायत सरपंच प्रियंका सिंह,सरपंच प्रतिनिधि अजय सिंह,सचिव सुकसेन साहू,रोज़गार सहायक संतोष पठारी पंच सहित मात्र शक्ति सहित उपस्थित रहें।

### *नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज*

*रतलाम, (आरएनएस)। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीरज पवैया ने बताया कि उक्त लोक अदालत में लंबित समझौता योग्य सिविल, आपराधिक, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बैंक के ऋण वसूली प्रकरण, बीएसएनएल, सम्पत्ति कर, जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठें जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर पृथक-पृथक से गठित की गई है।*

## तस्करों से 21 करोड़ की कीमती 2 खाल बरामद

### वॉट्सएप ग्रुप पर तेंदुए की खाल बेचने का सौदा

उज्जैन,(आरएनएस)। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस नागपुर यूनिट की टीम को यह खबर मिली थी कि उज्जैन में तेंदुए की खाल और वन्य जीवों के नाखून आदि बेचने की कोशिश चल रही है। कुछ तस्कर हैं, जो इस प्रकार के कारोबार में लगे हुए है। यूनिट की टीम ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्हें बताया कि उज्जैन में किस तरह का कारोबार चल रहा है। इसके बाद नागपुर यूनिट को जो इनपुट मिले थे उस आधार पर तस्करों के नंबर तलाशे गए।

डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस नागपुर यूनिट और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 21 करोड़ रुपए कीमत की दो तेंदुए की खालें (सिर सहित) और एक जंगली सूअर का दांत जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में दो वन्यजीव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वॉट्सएप ग्रुप के जरिए खालें बेचने का सौदा कर रहे थे।

## दीवार लेखन के माध्यम से दिया जल बचाओ का संदेश

रतलाम, ,(आरएनएस)। जल संरक्षण को लेकर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान अब जन-आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गांव-गांव में दीवार लेखन, संगोष्ठियां एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है।

जल प्रहरी एवं गंगा अवतरण अभियान के संयोजक जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर गतिशील है। विकासखंड समन्वयक शिवशंकर शर्मा ने बताया कि पिपलौदा विकासखंड की नवांकुर संस्थाएं जल संरक्षण को लेकर समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में ग्राम बड़ायला माताजी में नवांकुर संस्था शेरपुर ग्राम उत्थान समिति द्वारा प्रभावशाली दीवार लेखन किया गया। सेक्टर परामर्शदाता जगदीश बैरागी द्वारा बताया गया कि जल संकट एक गंभीर समस्या है, यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है।

# व्यापार समाचार

## भारत-पाक टकराव के बीच शेयर बाजार में मचा कोहराम, निवेशकों को 8.30 लाख करोड़ का नुकसान; सेंसेक्स-निफ्टी में भारी गिरावट

मुंबई ,(आरएनएस) । भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब देश की अर्थव्यवस्था पर भी साफ नजर आने लगा है। शुक्रवार को शेयर बाजार खुलते ही निवेशकों को बड़ा झटका लगा, और महज कुछ घंटों में उनका करीब 8.30 लाख करोड़ रुपये डूब गया।



बाजार में गिरावट के साथ बंद होने के बाद यह खबर आई कि पाकिस्तान ने भारत के कुछ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की है। इसके चलते निवेशकों के बीच डर और अनिश्चितता का माहौल बन गया, जिसका असर शुक्रवार को बाजार की चाल पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 1,366.47 अंकों की गिरावट के साथ 78,968.34 पर आ गया। वहीं, बीएसई का कुल मार्केट कैप घटकर 4,10,19,886.37 करोड़ रुपये रह गया, जो एक दिन पहले 4,18,50,596.04 करोड़ रुपये था। इसका मतलब है कि निवेशकों को एक ही दिन में 8,30,709.67 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

आज बाजार में कोई भी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में नहीं है। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में लिस्टेड 30 में से केवल तीन स्टॉक्स – टाइटन, एलएंडटी और टाटा मोटर्स ङ्क ही हरे निशान में दिखे। बाकी सभी शेयरों में गिरावट रही, जिनमें सबसे अधिक गिरावट पावरग्रिड, एचसीएल टेक और एटर्नल में देखने को मिली।

## ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान के शेयर बाजार में भी तबाही, रोकी गई ट्रेडिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के कैंप को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए तबाह कर दिया। भारत के एक्शन से पाकिस्तानी सरकार और सेना में खलबली मची है। दूसरी तरफ, पाकिस्तान के खिलाफ लगातार जारी भारत के एक्शन से वहां की अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर देखने को मिल रहा है। यहां तक कि पड़ोसी देश के शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई है।

पाकिस्तानी स्टॉक एक्सचेंजों में गुरुवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई और जिसके कारण ट्रेडिंग को भी रोक दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। मुख्य सूचकांक कराची स्टॉक एक्सचेंज 100 इंडेक्स (केएसई-100) 22 अप्रैल के बाद से करीब 13 प्रतिशत फिसल चुका है। 22 अप्रैल को केएसई-100 इंडेक्स 1,18,430 पर था, जो अब गिरकर 1,03,060 पर आ गया है। इसके अलावा, अन्य पाकिस्तानी स्टॉक इंडेक्स केएसई-30 भी अब तक 14.3 प्रतिशत लुढ़क चुका है। पाकिस्तान का शेयर बाजार वहां की अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखा रहा है। पाकिस्तान के पास केवल 15 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और देश आर्थिक पतन की कगार पर है। इसके साथ ही, पाकिस्तान अपनी जीडीपी को चलाने के लिए आईएमएफ से भी लोन के लिए गिड़गिड़ा रहा है। आतंकी हमले के बाद से भारत सैन्य के साथ-साथ कई अन्य प्रकार के एक्शन भी पड़ोसी देश पर ले रहा है, जिसमें सिंधु जल समझौता को स्थगित करना शामिल है, जिससे पाकिस्तान को आर्थिक तौर पर काफी चोट पहुंची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते को रद्द करने से बड़ी संख्या में पाकिस्तान की इंडस्ट्री को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है।'

## अदाणी ग्रीन दुनिया की पहली रिन्यूएबल एनर्जी आईपीपी बनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) दुनिया की पहली रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी) बन गई है, जिसने अपने पूरे परिचालन पोर्टफोलियो में पानी की बचत और आसपास के क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता बढ़ाकर जल सकारात्मकता हासिल की है।एजीईएल ने सस्टेनेबिलिटी के लिए एक नया मानक स्थापित करने को लेकर अपने वित्त वर्ष 2026 के लक्ष्य से एक साल पहले जल सकारात्मकता हासिल की। यह इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाली, परिचालन आरई पोर्टफोलियो के संदर्भ में शीर्ष 10 वैश्विक कंपनियों में पहली और एकमात्र है।अदाणी समूह की इस कंपनी से जुड़े 103 परिचालन स्थलों और 85 जल संरक्षण स्थलों के वॉटर अकाउंटिंग डेटा का व्यापक ऑडिट और मूल्यांकन करने के बाद एक ग्लोबल एश्योरेंस फर्म इंटरटेक ने जल सकारात्मक प्रमाणित किया है।कंपनी के एक बयान के अनुसार, यह भारत में इस पैमाने की एकमात्र रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी है, जिसे जल सकारात्मक प्रमाणित किया गया है।जल सकारात्मक




होने का मतलब है, ऐसी प्रथाओं को अपनाना जो न केवल पानी बचाती हैं, बल्कि आसपास के वातावरण में पानी की उपलब्धता भी बढ़ाती हैं।उद्योगों के लिए इसका मतलब है कि वे अपने संचालन में जितना पानी इस्तेमाल करते हैं, उससे ज्यादा पानी प्रकृति को उपलब्ध कराएं।जल-सकारात्मक फ्रेमवर्क में पानी को संरक्षित करना, उसकी खपत को अनुकूलतम बनाना और उसकी पूर्ति में योगदान देना शामिल है।

यह विकास उल्लेखनीय है, क्योंकि एजीईएल के ज्यादातर सौर और पवन प्लांट ऐसे भूभागों में हैं, जहां जीवित रहना और पानी की उपलब्धता चुनौतीपूर्ण है। कंपनी ने कहा कि एजीईएल ने भारत के सबसे कठोर इलाकों को सस्टेनिबिलिटी हब में बदलने के साथ कुछ ऐसा हासिल किया है, जो बहुत कम लोगों ने सोचा था। गुजरात के खावड़ा की निर्जन और बंजर भूमि और थार रेगिस्तान के शुष्क क्षेत्रों से, एजीईएल की जल सकारात्मकता आशा और इनोवेशन को लेकर खास है।इस उपलब्धि की महत्ता को समझने के लिए, इस बात पर विचार करें कि एजीईएल का जल संरक्षण लगभग 467 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है और यह लक्षद्वीप की अर्ध-वार्षिक जल मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।85 पुनर्जीवित तालाब अब जल-संकटग्रस्त समुदायों सहित 1,23,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं।

एजीईएल की 54 प्रतिशत से अधिक परिचालन क्षमता सौर मॉड्यूल के लिए रोबोटिक सफाई तकनीक का उपयोग करती है, जिससे सालाना लगभग 546 मिलियन लीटर पानी की बचत होती है।

## भारत के वेयरहाउसिंग सेक्टर में मार्च तिमाही में हुई 50 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई(आरएनएस) । भारत के वेयरहाउसिंग सेक्टर में जनवरी-मार्च तिमाही में 16.7 मिलियन स्क्वायर फीट की लीजिंग गतिविधि देखने को मिली है। इसमें सालाना आधार पर 50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई।

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की पहली तिमाही में देश के शीर्ष आठ वेयरहाउसिंग बाजारों में मजबूती देखी गई है। इसकी वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आना था। जनवरी-मार्च अवधि में इस सेक्टर के वेयरहाउसिंग लीजिंग वॉल्यूम 94 प्रतिशत बढ़कर 8 मिलियन स्क्वायर फीट हो गए हैं।

कुल वेयरहाउसिंग मांग में मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ई-कॉमर्स सेक्टर की ओर से वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग में 151 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और इसकी वजह छोटा आधार था। थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स की वेयरहाउसिंग लीजिंग वॉल्यूम में 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है और हालांकि, कुल हिस्सेदारी घटकर 23 प्रतिशत रह गई, जो इस क्षेत्र की गतिशीलता में बदलाव को दर्शाता है।

## भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल में 16 प्रतिशत बढ़ी भर्तियां

बेंगलुरु (आरएनएस)। भारत के आईटी सेक्टर में अप्रैल 2025 में भर्तियों में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक नई रिपोर्ट में दी गई।

जॉब्स प्लेटफॉर्म फाउंडइट (पूर्व मॉन्स्टर) की रिपोर्ट में बताया गया कि इस वृद्धि की वजह ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) का मजबूत विस्तार होना है। भारत में जीसीसी से 2024-25 में 1,10,000 से ज्यादा नई टेक नौकरियां पैदा हुई हैं।

हालांकि, मासिक आधार पर अप्रैल में भर्तियों में 11 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। रिपोर्ट में इस गिरावट को आंशिक ट्रेंड बताया गया है और लंबी अवधि में भर्तियों का पारिदृश्य अभी भी सकारात्मक बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अनुभवी और विशेष एवं फ्यूचर-रेडी स्किल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। साथ ही कंपनियां अब स्किल को अधिक प्राथमिकता दे रही है।

फाउंडिट के सीईओ वी सुरेश के अनुसार, यह क्षेत्र रणनीतिक विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। देश क्वांटिटी-आधारित भर्तियों से स्किल-आधारित, इनोवेशन-आधारित रोजगार की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तन साइंस और इनोवेशन में वैश्विक नेतृत्व के लिए अपने युवाओं को सशक्त बनाने के भारत के व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। सुरेश ने कहा कि टियर-2 शहर डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन रहे हैं। जीसीसी विशेष रूप से डेटा इंजीनियरिंग, डेवऑप्स और एंटरप्राइज आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में इस बदलाव के लिए केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं।रिपोर्ट में बताया गया कि डिग्री की तुलना में 62 प्रतिशत कंपनियां स्किल को प्राथमिकता दे रही हैं। विशेष स्किल रखने वाले कर्मचारियों को अच्छा सैलरी पैकेज भी मिल रहा है। एंट्री-लेवल के एआई जॉब के लिए औसत पैकेज 7.2 लाख रुपए प्रतिवर्ष का है। वहीं, अनुभवी एआई पेशेवर के लिए सैलरी पैकेज 76.4 लाख रुपए का है।

## रुपया 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर


### – रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआ था



मुंबई (ए.)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क हो गए हैं जिससे रुपये में कमजोरी आई। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.65 पर रहा।

## गूगल ने फिर दिखवाया 200 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता

नईदिल्ली (ए.)। टेक दिग्गज गूगल में फिर से कर्मचारियों की छंटनी की खबरें मिल रही है। रिपोर्टों की मानें तो कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को कंपनी से निकाल निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है। बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक ध्यान दे रही हैं। एक बड़े




पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद कर्मचारियों की छंटनी की भी यही वजह हो सकती है। इस वजह से कंपनी कर रही स्मॉल एडजस्टमेंट गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं। इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को स्मॉल एडजस्टमेंट बताया। इनका मकसद सहयोग को अधिक बढ़ावा देना और ग्राहकों को कितनी जल्दी सेवाएं दी जा रही हैं, इसमें सुधार करना है।

## सोने का भाव में तेजी, चांदी में आई गिरावट

नई दिल्ली (ए.)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने में मामूली तेजी दर्ज की गई है। जबकि चांदी के भाव में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.07 फीसदी की तेजी के साथ 96,235 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी का भाव 0.25 फीसदी लुढ़क कर 96,267 रुपए प्रति किग्रा पर है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपए घटकर 99,250 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोने की कीमत बुधवार को 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चार दिन से जारी तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 1,550 रुपए घटकर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# सम्पादकीय



अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## जातीय जनगणनाः पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा?

सवाल वही है- पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? उनका पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत में नई रंगी कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास।

इसमें शायद ही कोई संशय था कि केंद्र की भाजपा सरकार देर-सबेर जातिगत जनगणना कराने पर राजी हो जाएगी। वजह यह है कि सत्ताधारी दल के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1990 के दशक में 'सोशल इंजीनियरिंग' की जो अवधारणा अपनाई, उसका जातियों की अलग-अलग गिनती और उनकी अलग पहचान को मान्यता देने से कोई बुनियादी विरोधी नहीं है। दरअसल, यह तरीका सामाजिक न्याय की पार्टियों की ओबीसी या दलित के रूप में संबंधित जातियों की संगठित पहचान उभारने की कोशिश की एक प्रभावी काट है। इस तरीके को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने मंडल और बहुजन राजनीति को हाशिये पर धकेल दिया है। इसके बावजूद उन पार्टियों ने जातीय जनगणना की मांग के जरिए भाजपा पर दबाव बनाने का गुमराह दांव खेला। अब आम जनगणना के साथ जातीय गणना का निर्णय लेकर भाजपा ने उससे उपजी सियासी फायदे की संभावना को हथिया लिया है। मगर सवाल वही है- इससे पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? आर्थिक, सामाजिक या शैक्षिक पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत के रंग में नई रंगने वाली कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास। अधिक से अधिक इन सबके पास सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा संस्थानों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का एजेंडा है, जो आज के निजीकरण के दौर में बहकावे के अलावा कुछ नहीं है।निजी क्षेत्र में आरक्षण वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के तहत लगभग नामुमकिन है। तो घूम-फिर कर बात भावनाओं के तुष्टीकरण पर टिक जाती है। ठीक उसी तरह जैसे भाजपा के हिंदुत्व से हिंदुओं की रोजमर्रा की समस्याओं का कोई हल नहीं निकला है, भले उनके एक बड़े हिस्से को इस भ्रम से तसल्ली मिलती हो कि अब उनका राज है!चूंकि पिछड़ेपन के बुनियादी कारणों को दूर करने और वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का कोई एजेंडा पूरे राजनीतिक दायरे में नहीं है, इसीलिए यह बेहिचक कहा जाएगा कि जातिगत जनगणना पर बनी आम सहमति प्रतिगामी है। किसी देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि उसका पूरा राजनीतिक नेतृत्व प्रगतिशील कार्यक्रमों पर चर्चा के बजाय सर्व-सम्मति से उसे प्रतिगामी पथ पर ले जाए!



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की.

# पाकिस्तान पर स्ट्राइक : अब यह हो निर्णायक

**डॉ. चन्दर सोनाने**

पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने 6 और 7 मई की आधी रात को पाकिस्तान पर स्ट्राइक कर 26 निर्दोषों की हत्या का बदला लेना शुरू कर दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम की बैसरन घाटी में भारत की बेटियों का सुहाग उजाड़ने वाले निर्मम आतंकियों के खात्मे का ऑपरेशन सिंदूर अंजाम देकर न सिर्फ जबरजस्त बदला लिया है, बल्कि हमारी सेनाओं ने यह साबित भी कर दिखाया है कि वो दुनिया कि श्रेष्ठतम सेनाओं में एक है। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत पाकिस्तान के 9 प्रमुख आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। और यह तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक की भारत के सामने पाकिस्तान घुटने न टेक दें। अब यह निर्णायक होना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत की तीनों सेनाओं थल, जल और नभ के जाबाज सैनिकों को सलाम। सलाम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को और उनकी सरकार को भी, जिन्होंने इतना सख्त फैसला लेकर पाकिस्तान को सबक सिखाने की ठानी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी मसूद अजहर, हाफिज सईद, अब्दुल रऊब आदि आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस पर हर भारतीय को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर का शौर्य पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने यह भी दिखा दिया कि हम शांतिपूर्वक रहना और जीना चाहते हैं। किन्तु हमें कोई छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत पाकिस्तान में करीब 100 किलोमीटर अन्दर तक 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को मार गिराया। भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई स्ट्राइक से पूरे पाकिस्तान में कोहराम मच गया है। पाकिस्तान में लाहौर से करांची तक किए गए धमाकों ने पाकिस्तान को भारत के शौर्य से परिचित करा दिया है। भारत ने लाहौर में पाक का एयर डिफेंस सिस्टम उड़ा दिया है और नौसेना ने करांची में अनेक धमाके कर दिए है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंक के नौ अड्डे तबाह होने से बौखलाए पाकिस्तान भारत के सैन्य ठिकानों और नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान ने भारत के अनेक




जगहों पर हमलों की कोशिश की परन्तु हमारे सुदर्शन ने उसे नाकाम कर दिया। पाकिस्तान में चारो ओर खौफ है। इस सैन्य अभियान में भारत की तीनों सेनाओं द्वारा एकजुट होकर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है। इससे पाकिस्तान में भय व्याप्त हो गया है।

इस बीच भारत सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनैतिक दलों को पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। सभी प्रमुख राजनैतिक दलों ने सैन्य अभियान का समर्थन दिया और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सभी दलों ने एकजुटता प्रकट करते हुए सरकार के कार्य का समर्थन किया। इस प्रकार पाकिस्तान को ही नहीं दुनिया को भारत ने दिखा दिया है कि संकट के समय पूरा भारत एक है। ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दुनिया को देने के लिए हमारे सेना की दो काबिल महिला अफसरों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सौंपी गई। यह करके भारत ने एक सफल कूटनीतिक संकेत भी दुनिया को दे दिया है। सन 1947 में पाकिस्तान के बनने के बाद से ही वहाँ के सभी राजनैतिक दलों की भारत विरोधी नीति ही मूल आधार बनी। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष का लंबा इतिहास है। इस कारण भारत पाकिस्तान के बीच गत 78 वर्षों के दौरान 4 युद्ध और 3 स्ट्राइक हुई। अक्टूबर 1947 में भारत-पाकिस्तान के बीच पहला युद्ध हुआ। भारत के विभाजन के बाद जम्मू कश्मीर के महाराजा हरिसिंह ने भारत के साथ विलय किया। पाकिस्तान समर्थित कबाइलियों ने कश्मीर पर आक्रमण किया। भारतीय सेना ने कबाइलियों को खदेड़ा। जनवरी 1949 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से संघर्ष विराम हुआ। कश्मीर को नियंत्रण रेखा ( एलओसी ) के आधार पर विभाजित किया गया।

अगस्त 1965 में भारत- पाक का दूसरा युद्ध हुआ। यह युद्ध 17 दिन तक चला। सोवियत संघ और अमेरिका की मध्यस्थता से सितम्बर 1965 में संघर्ष विराम हुआ। दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के पूर्वी प्रान्त ( अब बांग्लादेश ) में स्वतंत्रता संग्राम चल रहा था। भारत ने बांग्लादेश की मुक्ति के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की। 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान ने आत्मसमर्पण किया। बांग्लादेश स्वतंत्र राष्ट्र बना। सन 1984 में भारत-पाकिस्तान के बीच सियाचिन संघर्ष हुआ। भारत ने ऑपरेशन मेघदूत के तहत सियाचिन पर नियंत्रण हासिल किया। इसमें भी भारत को विजयश्री मिली। मई 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध हुआ। भारत ने ऑपरेशन विजय के तहत जवाबी कार्रवाई की और 26 जुलाई 1999 को युद्ध समाप्त हुआ। पाकिस्तान में 28-29 सितम्बर 2016 को जम्मू कश्मीर के ऊरी में भारतीय सेना के बेस पर आतंकी हमला किया। भारत ने नियंत्रण रेखा के पार सर्जिकल स्ट्राइक की और पाकिस्तान के आतंकी लाँच पैड को ध्वस्त किया। 26 फरवरी 2019 को पाकिस्तान ने पुलवामा में हमला किया। भारतीय सेना ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की और देश के प्रशिक्षण शिविर को ध्वस्त किया इस प्रकार भारत पाकिस्तान के बीच 1947 से अभी तक 4 युद्ध और 3 स्ट्राइक की गई, जिसमें हमेशा भारत को विजयश्री मिली। किन्तु लगता है पाकिस्तान ने इससे अभी तक कोई शिक्षा नहीं ली और आतंकी कार्रवाई लगातार करता रहा। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी पूरी ताकत दिखाना होगी और पाकिस्तान को ऐसी शिक्षा देना है कि वह दशकों तक उठ नहीं पाए। पूरा देश सेना के साथ है। देशवासियों को सेना पर गर्व है। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को भारत के सिंदूर का शौर्य दिखा ही दिया जाए ! और वह निर्णायक होना चाहिए।

# अब समय अनदेखी और अज्ञानता में जीने का

**श्रुति व्यास**

भारत आज व्हाट्सएप और हैशटैग पर जिंदा है। हम चन्द्रमा पर यान उतरने पर गर्व महसूस करते हैं। मगर चांद से बहुत नज़दीक मणिपुर हमें नज़र नहीं आता। दरअसल हम अपनी महानता के गीत इतने ज़ोर-जोर से इसलिए गाते हैं ताकि हमारा ध्यान उस दर्पण से हट सके जो हमें हमारी असलियत दिखा रहा है। आज का भारत आधा बना नहीं है और आधा बदहवास, बिफरा हो गया है। व्हाट्सएप पर झुंझला रहा है, हैशटैग्स पर मार्च कर रहा है, और प्रोपेगेंडा ही उसकी देशभक्ति है।

मुझे वह क्षण याद है जब मैंने पहलगाम हमले की खबर सुनी और दिल से निकला—फिर से?

शोक, भ्रम, भय के जाने-पहचाने भाव तुरंत मन पर छा गए। मन ही मन कुछ मथने लगा। लेकिन इससे पहले कि दुःख स्थिर हो पाता, कुछ और हुआ—कुछ और अधिक कुरूप। चंद घंटों में ही मानवीय पीड़ा हैशटैगों में तब्दील हो गयी। गुस्सा मीम्स के ज़रिये जाहिर होने लगा। त्रासदी, तमाशा बन गई। जिस समय धर्म और जाति की सीमाओं से ऊपर उठकर, एक राष्ट्र के रूप में साझा शोक का होना चाहिए था, वह कुछ ही देर में शोर में खो गया। उसकी बजाय लौट आया, दहाड़, नाटकीय गुस्सा, तात्कालिक नैरेटिव, और वही पुराने बाइनरी में बंटी हुई मुर्गा छाप बहसें।

मौका राष्ट्रीय शोक का था। लोगों को एक-दूसरे के करीब आना था। जाति और संप्रदाय की सीमाओं के ऊपर उठना था। मगर हुआ उल्टा। वही हिंदू-मुस्लिम, वही शोरशराबा, वही तुरत-फुरत निष्कर्ष।

घटना हुए दो सप्ताह हो गए हैं। इस बीच उस पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है। हमें जो बताया जा रहा है उसमें से कुछ सही है, कुछ अनजाने में गलत है और कुछ जानते-बूझते गलत है। सच बेजा तर्कों के शोर में दुबक गया है। जैसा कि किसी ने लिखा है, जो असल में ज़िम्मेदार हैं उनके अलावा सभी को ज़िम्मेदार ठहराया जा रहा है। मैंने अपने आप को सोशल मीडिया से दूर रखने की भरसक कोशिश की।

इसलिए क्योंकि इसमें रहते हुए लगातार सुनाई देगा -जंग शुरू हो गई है! यदि सोशल मीडिया की बाढ़ से नहीं बचे तो बहुत ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने पर दिमाग जैसे गूंधा हुआ गूदा बन जाता है। सचमुच अब समय अनदेखी और अज्ञानता में जीने का है। यही आत्म-रक्षा का तरीका है।

मैंने हमले पर, कश्मीर पर लिखने से भी परहेज़ किया। आखिर इसके शोरगुल और हल्ला-बोल में यदि कोई भी ईमानदारी से कुछ कहे, तो वह हो रही 'बकवास' में 'दुश्मन' समझा जाएगा।जॉर्ज ओरवेल ने कहा था, धोखेबाजी की दुनिया में सच बोलना भी क्रांतिकारिता है। मगर आज के भारत में सच, दरअसल, अप्रासंगिक बन गया है। सच्चाई को झूठ के रेपर में लपेट कर प्रस्तुत किया जाता है। अपने नैरेटिव को सही सिद्ध करने के लिए इतिहास के साथ खिलवाड़ किया जाता है। सच केवल और केवल तभी बोला जाता है जब उसका इस्तेमाल हथियार की तरह संभव हो।और यह हर बार, लगातार होता हुआ है। जाहिर है यह बहुत थकाने वाला है। हर आतंकी हमले, हर प्राकृतिक आपदा, हर विरोध प्रदर्शन टीवी पर बहस का मुद्दा बन जाता है। हर आदमी जज है। कोई चीज़ों को समझना नहीं चाहता। कोई घावों को भरना नहीं चाहता। टीवी के परदे पर वही जाने-पहचाने चेहरे एक-दूसरे पर चीखते दिखते हैं। स्क्रिप्ट पहले से तैयार रहती है। दूसरे को दोषी ठहराओ, उसे शर्मिंदा करो। अगर आप इस भीड़ में शामिल नहीं होते तो आप देशद्रोही हैं, आपको धमकियाँ मिलेंगी, आपको ट्रोल किया जाएगा और हो सकता कि आप के खिलाफ देश के किसी भी थाने में रपट लिखवा दी जा जाए।युवाल नूह हरारी कहते हैं मनुष्य जाति पृथ्वी पर अपना राज इसलिए स्थापित कर सकी क्योंकि उसमें काल्पनिक कथाएं गढने और उन्हें फैलाने की क्षमता थी।

## जय हिंद...




*जय हिंद,जय हिंद के नारे*
*अब लगाते जाओ।*
*भारत माता के नाम का डंका*
*अब बजाते जाओ।*

*लेकर हाथ में तलवार*
*दुश्मन का सिर कलम*
*अब करते जाओ। जय हिंद.......*

*जो डालते हैं गंदी नजरें*
*हमारी भारत माता पर*
*उनकी आंखों को ले शूल*
*अब फोड़ते जाओ। जय हिंद........*

*जो मचाते हैं नित आंतक*
*बन सिंह उनकी आतड़ियों को*
*पंजे से फाड़ते जाओ। जय हिंद.....*

*जो सोचते हैं हिंद के सैनिक*
*कुछ कर नहीं सकते*
*तोपों से उनके मुंह*
*अब बंद करते जाओ। जय हिंद.....*

*डॉ.राजीव डोगरा*
*कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ( युवा कवि लेखक )*




मेष राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा। किसी कारण से पिताजी आपको नई जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेंगी। आज बिजनेस संबंधी ज्यादातर काम ठीक से पूरे हो जाएंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज खर्चो की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपको किसी निकट संबंधी के घर जाने का मौका मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है।

सिंह राशि: आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज घर के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा होगा। इस समय काम करने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, कारोबारी गतिविधियां अच्छी रहेंगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज सेहत अच्छी रहेगी। आज आप कुछ नये विचारों पर काम कर सकते हैं। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा ऑर्डर मिलेगा। कुल मिलाकर आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं । कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिलेंगे। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति में आपकी छवि मजबूत बनेगी, ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे।

# दो टूक- ऑपरेशन सिंदूरः आतंक के अड्डों पर भारत का 'सिंदूरी' कहर

**योगेश कुमार गोयल**

'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर




अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था। इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे।

# रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी




नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश में कहा है, सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें।

उन्होंने आगे बताया, विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु तत्वों की मदद कर सकता है और अभियान की प्रभावशीलता तथा कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमले (26/11) और कंधार अपहरण जैसे मामलों में अनियंत्रित कवरेज से राष्ट्रीय हितों पर प्रभाव पड़ा था। मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारा साझा नैतिक उत्तरदायित्व है कि हमारे सामूहिक कार्य चल रहे अभियानों या हमारी सेनाओं की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

इस आदेश में बताया गया कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करने के लिए परामर्श जारी किया है। नियम 6(1)(पी) में कहा गया है कि केबल सेवा में कोई भी कार्यक्रम प्रसारित नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान की लाइव कवरेज हो, ऐसी मीडिया कवरेज केवल उपयुक्त सरकार द्वारा नामित अधिकारी की ओर से समय-समय पर दी गई जानकारी तक सीमित होगी, जब तक कि वह अभियान समाप्त न हो जाए। उन्होंने बताया, ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद विरोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज प्रसारित न करें। सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतते रहें और राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों का पालन करें। यह आदेश मंत्रालय के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ जारी किया गया है।रक्षा मंत्रालय ने भी अपने एक्स अकाउंट पर इस आदेश को शेयर करते हुए अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज या रीयल-टाइम रिपोर्टिंग से बचें। ऐसी संवेदनशील या स्रोत-आधारित जानकारी का खुलासा करने से अभियान खतरे में पड़ सकता है और लोगों की जान को जोखिम हो सकता है।



सिविल डिफेंस और सेना की टीमों ने राजस्थान के जैसलमेर के किशन घाट गांव में मिले एक जिंदा बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया.

## भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' में अजहर मसूद के भाई के मारे जाने पर अमेरिका ने जताई खुशी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान में छिपा बैठा खूंखार आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर भारतीय कार्रवाई में मारा गया है। अब्दुल रऊफ अजहर आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का छोटा भाई था और संगठन में एक वरिष्ठ कमांडर की भूमिका निभा रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत उसे ढेर किया गया है।अब्दुल रऊफ अजहर भारत में कई बड़ी आतंकी घटनाओं का मास्टरमाइंड रहा था, जिसमें 1999 का कंधार विमान अपहरण कांड प्रमुख है। इस अपहरण के बदले ही भारत को मसूद अजहर को रिहा करना पड़ा था। इसके अलावा वह 2001 में भारतीय संसद पर हमले और 2016 के पठानकोट आतंकी हमले में भी शामिल था।अजहर का मारा जाना भारत के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। अमेरिका ने भी इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है। अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराने के लिए भारत का आभार जताया है।




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

## भारत-पाक टकराव के बीच तकनीकी विश्वविद्यालय ने स्थगित की प्रवेश परीक्षा, एचपीयू शिमला जारी रखेगा

शिमला (आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब शैक्षणिक कार्यक्रमों पर भी दिखने लगा है। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (HPTU) ने आगामी 10 और 11 मई को प्रस्तावित कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (HPCET-2025) को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया है। विवि ने यह फैसला एहतियातन सुरक्षा कारणों के मद्देनज़र लिया है।परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने जानकारी दी कि परीक्षा के लिए राज्य के 10 जिलों सहित चंडीगढ़ में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें सबसे अधिक चार केंद्र कांगड़ा जिले में थे। इस बार प्रवेश के लिए कुल 10,517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें बीटेक में 5387, बी फार्मेसी में 3408, एमसीए में 322, एमबीए में 346, और अन्य कोर्सों के लिए भी सैकड़ों अद्मवेदन प्राप्त हुए।स्थगित की गई परीक्षा के तहत 10 मई को सुबह बीटेक, बी फार्मेसी और एमएससी (फिजिक्स), जबकि शाम को एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी), बीएचएमसीटी की परीक्षा होनी थी।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मुंबई में अलर्ट मोड पर नौसेना, मछुआरों को दी संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह



मुंबई ,(आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर मुंबई में नौसेना अलर्ट मोड पर है। भारतीय नौसेना ने मुंबई में मछुआरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। इस दौरान नौसेना ने मछुआरों को संवेदनशील क्षेत्रों में मछली पकड़ने के लिए नहीं जाने की सलाह दी है।

जानकारी के अनुसार, भारतीय नौसेना ने आशंका जताई है कि नौकाओं का इस्तेमाल पाकिस्तान 26/11 मुंबई अटैक की तरह कर सकता है, इसलिए मछुआरों को अलर्ट किया गया है। साथ ही मुंबई में जल्द ही मछली पकड़ने वाली नौकाओं का सर्वेक्षण किया जाएगा और एक ऐप की मदद से उनका डेटा एकत्र किया जाएगा।भारतीय सेना के अनुसार, 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने कई हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक नाकाम किया।सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी से यह भी स्पष्ट हो चुका है कि जब पाकिस्तान ने जम्मू और पंजाब के कई इलाकों पर हमला करने की कोशिश की तो भारत ने उसे करारा जवाब दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान और दो जेएफ-17 विमान भी मार गिराए गए।गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के कई हिस्सों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय वायु रक्षा ने उनके भेजे गए ड्रोन को भी गिरा दिया। भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उड़ रहे उनके एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल सिस्टम को भी मार गिराया है।पाकिस्तान ने गुरुवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, पूंछ, सांबा और उरी में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की।

## बगलिहार के बाद अब भारत ने सलाल डैम के भी कई गेट खोले, चिनाब नदी से छोड़ा गया पानी

श्रीनगर(आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने बगलिहार डैम के बाद अब सलाल डैम के भी कई गेट खोल दिए हैं, जिससे नदी में पानी का बहाव एक बार फिर शुरू हो गया है। इस घटनाक्रम से जुड़े वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें डैम से पानी का तेज बहाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।सूत्रों के अनुसार, हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने का फैसला किया था। इसके तहत सबसे पहले सिंधु नदी पर बने डैम और फिर चिनाब नदी पर बने बगलिहार और सलाल डैम को बंद कर दिया गया था। हालांकि, बीते दिनों जम्मू-कश्मीर में हुई भारी बारिश के चलते इन डैमों में जलस्तर काफी बढ़ गया, जिससे प्रबंधन को गेट खोलने के लिए मजबूर होना पड़ा। रामबन जिले में स्थित बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के दो गेट और रियासी में स्थित सलाल डैम के तीन गेट शुक्रवार को खोले गए। इसके बाद चिनाब नदी में पानी का बहाव फिर से सामान्य हो गया है, जिससे कई दिनों से नदी में मौजूद सूखे की स्थिति समाप्त हो गई।

## दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की बढ़ाई गई सुरक्षा, लाल किला और कुतुब मीनार के बाहर अतिरिक्त बलों की तैनाती

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद देश भर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस ने बढ़ाई है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने लाल किला और कुतुब मीनार के पास सुरक्षा में इजाफा करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। पुलिस के मुताबिक, एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है, और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आमतौर पर ऐतिहासिक इमारतों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है, लेकिन बॉर्डर पर तनाव देखते हुए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में भी सुरक्षा को और बढ़ाया गया है।बता दें कि दिल्ली की



ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और इसी के चलते दिल्ली पुलिस की तरफ से एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने 8 और 9 मई की मध्यरात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) का भी सहारा लिया।भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से खदेड़ दिया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।भारतीय सेना ने कहा कि सभी नापाक इरादों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। भारत ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर सैन्य स्टेशनों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया।

## विदेश में हूं, लेकिन दिल और आत्मा पूरी तरह भारत के साथ : सेलिना जेटली

मुंबई (आरएनएस)। मशहूर अदाकारा सेलीना जेटली भले ही विदेश में हों, लेकिन उनका मन खबरों की हलचल के बीच भारत में उलझा हुआ है। उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी को सलाम किया और उन आम लोगों के साथ हमदर्दी जताई जो हमले से प्रभावित हुए हैं। उनका कहना कि उन्हें भारत की ताकत पर पूरा भरोसा है।सेलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उल्लिखा, मैं ऑस्ट्रिया में हूं, लेकिन नींद नहीं आ रही। आज की रात सोना भी किसी 'लग्जरी' जैसी चीज लग रही है, क्योंकि मेरे देश में शांति पर हमला हो रहा है। मेरा दिल बेचैन है, एक तरफ मैं यहां के समय में हूं और दूसरी तरफ भारत की खबरों में उलझी हुई हूं। बेशक मैं दूर हूं, लेकिन मेरी आत्मा, मेरी भावना पूरी तरह भारत के साथ है।उन्होंने लिखा, हमारे बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को धन्यवाद। आप हमारे और अव्यवस्था के बीच एक ढाल बनकर खड़े हैं। आप हमें उस खतरे से बचाते हैं, जो आम लोग शायद कभी महसूस भी नहीं कर पाते। आपका साहस सिर्फ युद्ध में नहीं, बल्कि उन अनगिनत खामोश कुर्बानियों में भी दिखता है, जैसे ठंडी रातों में जागकर सरहद की रक्षा करना, बिना रुके.. बिना थके हर कदम देश के लिए बढ़ाना।

## पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा : सीएम योगी



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे वीर योद्धाओं को नमन किया। साथ ही पाकिस्तान को आतंकवाद पर घेरते हुए कहा कि उसने इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि अब वह अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा। पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों के साथ की गई बर्बरता का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद हर भारतवासी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की ठान ली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। आज पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और कराहता हुआ नजर आ रहा है।

सीएम योगी ने पाकिस्तान के बेशर्मी पूर्ण रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की मौजूदगी दुनिया की आंखें खोलने वाली है। यह साबित करता है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को संरक्षण देता है, बल्कि सीधे तौर पर आतंकवाद में शामिल भी है। अब पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझ रहा है।

उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाएं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी की जिम्मेदारी है कि हम अपनी सेनाओं के साथ खड़े हों और शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बेनकाब करें। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें एकजुट होकर कार्य करना है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा। मुख्यमंत्री ने पूरे उत्तर प्रदेश की ओर से भारतीय सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े होने का संकल्प दोहराया।मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए कहा कि उनकी जयंती आज के चुनौतीपूर्ण समय में नई प्रेरणा देती है। उन्होंने हल्दीघाटी की ऐतिहासिक लड़ाई का उल्लेख किया, जहां महाराणा ने वनवासियों और गिरिवासियों की सेना के साथ अकबर की विशाल सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

## श्रावस्ती में संदिग्ध हालात में विवाहिता ने लगाई फांसी, 8 माह की बच्ची को छोड़ गई पीछे

श्रावस्ती (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सिरसिया थाना क्षेत्र के जानकीनगर कला गांव में 25 वर्षीय विवाहिता रेखा वर्मा का शव घर के एक बंद कमरे में फांसी से लटकता हुआ मिला। घटना उस समय हुई जब घर में रेखा के अलावा कोई मौजूद नहीं था। मृतका की आठ माह की एक मासूम बच्ची भी है, जो अब मां की ममता से वंचित हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुँचकर साक्ष्य एकत्र किए। नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरा गया।

बताया जा रहा है कि घटना के समय न तो रेखा का पति घर पर था, न ही परिवार का कोई अन्य सदस्य। ऐसे में महिला की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस फिलहाल आत्महत्या की आशंका जताते हुए जांच में जुटी है, लेकिन अन्य एंगल पर भी पड़ताल की जा रही है।

## ध्यान दें! इंडिगो ने श्रीनगर, अमृतसर समेत कई शहरों के लिए कैंसिल की उड़ान




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर कुछ उड़ानों पर भी पड़ा है। इंडिगो ने अपनी कई फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें बताया गया है कि कई शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक रद्द कर दी गई हैं। ट्रैवल एडवाइजरी में कहा है, आपकी सुरक्षा और संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। वर्तमान स्थिति के कारण, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानें 10 मई 2025 तक 23:59 बजे तक रद्द हैं। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और सभी प्राधिकरणों के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। हम आपको आधिकारिक तौर पर अपडेट देते रहेंगे। साथ ही आपकी यात्रा योजना में हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आपकी समझदारी और धैर्य के लिए धन्यवाद।

इंडिगो ने अपने एक्स अकाउंट पर रिफंड के लिए एक लिंक भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आपकी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। निम्नलिखित शहरों के लिए उड़ानें 10 मई तक 23:59 बजे तक रद्द हैं। हम आपकी यात्रा को आसान बनाने के लिए हैं। उड़ान की स्थिति को लिंक पर जाकर देखें और री-बुकिंग या रिफंड के लिए संपर्क करें।

इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर सूचित किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अगले आदेश तक देश के 24 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

बढ़ते खतरे के जवाब में, कई भारतीय एयरलाइंस ने यात्रा संबंधी एडवाइजरी भी जारी की, जिसमें यात्रियों से सिक्योरिटी चेक को देखते हुए अतिरिक्त समय देने और बढ़ी हुई सुरक्षा जांच में सहयोग करने का आग्रह किया गया है। मंत्रालय ने बंद होने की अवधि या इस कदम के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया। हवाई अड्डों को बंद करना एक व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा है, जिसमें कई प्रभावित हवाई अड्डे अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब या रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं। नागरिक उड़ानों के बंद होने से उत्तरी और पश्चिमी भारत में कनेक्टिविटी प्रभावित होने की उम्मीद है, और यात्रियों से हवाई अड्डे पर जाने से पहले एयरलाइनों से जांच करने का आग्रह किया गया है।


## सोनाली राउत ने बोल्ड अवतार से सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, फैंस बोले- 'स्लेय क्वीन!



मॉडल और एक्ट्रेस सोनाली राउत ने एक बार फिर अपने स्टनिंग लुक से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका कॉन्फिडेंस और चार्म साफ नजर आ रहा है. इन फोटोज़ में सोनाली ऑलिव ग्रीन कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिसमें उनका स्टाइल और पोज़ फैंस को दीवाना बना रहा है. तस्वीरों में सोनाली का पोज़, उनका एक्सप्रेशन और उनका बोल्ड अंदाज़ लोगों को काफी पसंद आ रहा है. एक यूज़र ने कमेंट किया, स्लेय क्वीन!, तो किसी ने लिखा, अतिशय गर्माहट!. इंस्टाग्राम पर इन फोटोज़ को अब तक हजारों लाइक्स मिल चुके हैं और फैन्स उनके इस ग्लैमरस अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनाली राउत ने कई फैशन शोज़ और रियलिटी शोज़ में हिस्सा लिया है. इसके अलावा वह फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज़ में भी नजर आ चुकी हैं. सोशल मीडिया पर सोनाली की फैन फॉलोइंग काफी मजबूत है और उनका हर नया लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाता है.सोनाली राउत एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो हिंदी फिल्मों में नजर आती हैं. वह 2010 से किंगफिशर कैलेंडर गर्ल रही हैं और जब उन्होंने इस वार्षिक कैलेंडर में फीचर किया था, तब उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी. राउत ने 2014 में रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म द एक्सपोज़ से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें वह हिमेश रेशमिया और यो यो हनी सिंह के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं.

## बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 की पकड़ बरकरार, 100 करोड़ रुपये की ओर कमाई

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है और पहले दिन से ही इसने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किया हुआ है।



इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को देखने के लिए टिकट खिड़की पर दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। फिल्म का खुमार दर्शकों का सिर चढ़कर बोल रहा है।

भारत में इस फिल्म की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर है। आइए जानें रेड 2 ने सातवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

सैकनिल्क के मुताबिक, रेड 2 ने रिलीज के सातवें दिन 4.75 करोड़ रुपये कमाए। अब भारत में इसकी कमाई 90.50 करोड़ रुपये हो गई है।

रेड 2 ने 19.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। दूसरे दिन यह 12 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 18 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।चौथे दिन इस फिल्म ने 22 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 7.5 करोड़ रुपये कमाए। छठे दिन इसने 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।रेड 2 साल 2018 में आई रेड की दूसरी किस्त है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

## सिद्धार्थ शुक्ला खाने के बड़े शौकीन थे, एक्टर के बारे में बात करते हुए इमोशनल हुईं जैस्मिन भसीन

टीवी की टॉप एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन लाखों दिलों पर राज करती हैं। वह बिग बॉस 14 में भी नजर आई थीं। उन्होंने टीवी शो दिल से दिल तक के जरिए घर-घर पहचान बनाई। इस शो में उन्होंने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ काम किया था। टेलीविजन होस्ट सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए जैस्मिन ने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ बिताए गए पलों के बारे में बताया।

सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में, जैस्मिन भसीन ने खुलासा किया कि उनके लिए सिद्धार्थ शुक्ला की मौत बेहद चौंकाने वाली थी। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ शुक्ला के साथ मेरी बहुत सारी यादें हैं। हमने दिल से दिल तक के सेट पर खूब मस्ती की है। वह खाने के बड़े शौकीन थे। वह जिंदगी को खुलकर जीते थे। उन्होंने कई मुश्किल सीन में मेरी मदद की है और मोटिवेट किया है। वह हमेशा मेरे लिए खड़े रहते थे।

इस दौरान जैस्मिन काफी भावुक हो गईं और रोने लगीं। जैस्मिन ने सिद्धार्थ के साथ ज्यादा समय नहीं बिताने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, सब लोग बोलते हैं कि वक्त का कुछ पता नहीं होता... हम सिर्फ बोलते हैं, लेकिन मानते नहीं हैं। यह सच है, सिद्धार्थ के मामले में पता ही नहीं चला और अचानक ऐसी खबर सुनने को मिली। उनके निधन पर चर्चा करना वास्तव में परेशान कर देता है। यही वजह है कि मैं इससे बचती रहती हूं।

उन्होंने कहा, जो अच्छे लोग होते हैं, उन्हें भगवान जल्दी बुला लेता है। बिग बॉस के बाद हमारे पास बहुत सी बातें थीं, जिनके बारे में हम बात करना चाहते थे। हम एक-दूसरे से कहते थे- हां मिलते हैं, हां मिलते हैं लेकिन मिलने के लिए समय निकाला ही नहीं और एक दिन वह अचानक इस दुनिया को छोड़ गए।

बता दें कि सिद्धार्थ शुक्ला का निधन 2 सितंबर 2021 को हार्ट अटैक के चलते हुआ था। सिद्धार्थ की अचानक मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया था।साल 2017 में दिल से दिल तक कलर्स टीवी पर प्रसारित होता था। इस शो की कहानी सलमान खान, रानी मुखर्जी और प्रीति जिंटा की फिल्म चोरी चोरी चुपके चुपके जैसी ही थी। इस शो में सिद्धार्थ शुक्ला ने पार्थ का किरदार निभाया था। वहीं रश्मि देसाई ने शरवरी का रोल निभाया। इनके अलावा, तानी के रोल में जैस्मीन भसीन नजर आईं, जो कपल के



लिए सेरोगेट मदर बनती हैं। स्टोरी आगे चलकर एक लव ट्रायंगल में बदल जाती है।

## पलक तिवारी की थंडर एक्शन से भरपूर रोमियो एस3 का ट्रेलर जारी, 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों खूब चर्चा में हैं। वह संजय दत्त और मौनी रॉय अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी में नजर आ रही हैं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है।



द भूतनी की असफलता के बाद पलक फिल्म रोमियो एस3 में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने रोमियो एस3 का ट्रेलर जारी कर दिया है।रोमिया एस3 में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं पलक फिल्म में उनकी प्रेमिका बनी हैं।फिल्म में अनूप डबल रोल में नजर आएंगे। ट्रेलर में वह जबरदस्त एक्शन करते दिख रहे हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान गुड्डू धनोआ ने संभाली है तो वहीं पेन स्टूडियो ने इस फिल्म पर पैसा लगाया है।बता दें कि यह फिल्म 16 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।अनूप ने कहा, रोमियो एस 3 एक आशीर्वाद है, एक ऐसी फिल्म जो प्रभाव और दिल से मनोरंजन करती है। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और एक एक्शन हीरो के रूप में सिनेमा की दुनिया में मेरी यात्रा को आकार देने में मदद की।

## अब थिएटर्स में नहीं ओटीटी प्लेटफॉर्म में रिलीज होगी भूल चूक माफ, 16 मई को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और देश भर में सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए राजकुमार राव और वामिका गब्बी की आगामी फिल्म भूल चूक माफ के शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया गया है. यह बदलाव फिल्म के थिएटिकल रिलीज से ठीक एक दिन पहले किया गया है. भूल चूक माफ के मेकर्स ने फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज न करने का फैसला लिया है. यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी.पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों में तनाव का माहौल है. देश की सुरक्षा को देखते हुए भारत भर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है. देश की सुरक्षा और किसी जगह पर भीड़ एकत्रित ना हो, इसका ध्यान रखते हुए भूल चूक माफ के आधिकारिक प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स ने 9 मई को रिलीज से एक दिन पहले बयान जारी किया.

फिल्म के मेकर्स ने अनाउंसमेंट करते हुए अपने बयान में बताया कि वे भूल चूक माफ के शेड्यूल में बदलाव कर रहे हैं. मेकर्स ने अपने बयान में कहा,हाल की घटनाओं और पूरे देश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर, मैडॉक फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 16 मई को प्राइम वीडियो पर दुनिया भर में अपने फैमिली एंटरटेनर भूल चूक माफ को सीधे आपके घरों तक लाने का फैसला किया है.


बयान में आगे कहा गया है, जबकि हम थिएटर्स में आपके साथ इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए काफी एक्साइटेड थे, लेकिन राष्ट्र की भावना सबसे पहले आती है. जय हिंद. इसे जानकारी देते हुए मेकर्स ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, राष्ट्र की भावना सबसे पहले आती है. 16 मई को प्राइम वीडियो पर सीधे देखें भूल चूक माफ.

इस अनाउंसमेंट के बाद यह साफ हो गया है कि राजकुमार राव और वामिका गब्बी अभिनीत फिल्म भूल चूक माफ बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं होगी. बता दें, करण शर्मा निर्देशित फिल्म रूप से 9 मई को सिनेमाघरों में प्रीमियर होना तय था. लेकिन मेकर्स ने इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का विकल्प चुना है. अब यह 16 मई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा.

करण शर्मा निर्देशित और लिखित भूल चूक माफ दिल को छू लेने वाली रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें राजकुमार राव-वामिका गब्बी भी हैं. राजकुमार राव ने फिल्म में रंजन नाम के एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी मंगेतर तितली के साथ शादी के दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है. लेकिन शादी से ठीक पहले किस्मत एक ऐसा मोड़ लाती है, जिससे उसकी दुनिया पूरी तरह से उलट-पुलट हो जाती है. वह एक टाइम लूप में फंस जाता है और हर दिन अपनी हल्दी की रस्म की सुबह उठता है.

## तमन्ना भाटिया की ओडेला 2 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक, हिंदी में भी उपलब्ध

तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2 को 17 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें हेबाह पटेल और वशिष्ठ एन सिम्हा ने भी अहम भूमिका निभाई थी।इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी।अब ओडेला 2 ने सिनेमाघरों में दस्तक देने के कुछ दिन बाद ही ओटीटी का रुख कर दिया है। आइए जानें आप यह फिल्म कब और कहां देख सकते हैं।ओडेला 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म को आप हिंदी और तमिल भाषा में देख सकते हैं। निर्माताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए लिखा, वह प्रचंड है, वह अजेय है, वह शिव शक्ति है। फिल्म के निर्देशन की कमान अशोक तेजा ने संभाली है। बता दें कि ओडेला 2 साल 2022 में आई फिल्म ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ था। फिल्म की कहानी ओडेला नामक एक पिछड़े गांव की है। यह गांव अपने रहस्यमय और आध्यात्मिक माहौल के लिए जाना जाता है, लेकिन क्रूर हत्याएं इस शांतिपूर्ण गांव को हिला देती हैं। ओडेला रेलवे स्टेशन फिल्म की तरह, गांव वालों का मानना है कि कुछ बुरी चीज उनके समुदाय को सता रही है। फिल्म के पोस्टर ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा था, जिसमें तमन्ना का भयंकर रूप देखने को मिला। तमन्ना के चेहरे पर गहरे घाव और खून के निशान देखे गए। इसके साथ ही उनका लुक काफी गंभीर भी नजर आया। बैकग्राउंड में वाराणसी की भी झलक देखने को मिली।वहीं फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2 मिनट 48 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत एक व्यक्ति की आवाज से होती है। तमन्ना, गांव वालों से कहती हैं कि खड़े रहने के लिए भू माता की जरूरत है और जिंदा रहने के लिए गौ माता की।




जीने के लिए इनकी हत्या मत करो, गौमूत्र बेचकर भी जीवन जी सकते हो।

## बच्चों को फोन से दूर रखने के लिए आजमाएं ये 5 कला गतिविधियां, होगा फायदा



इस समय बच्चों के लिए फोन से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है।इसके अलावा फोन पर ज्यादा समय बिताने से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहे हैं। इससे बचाने के लिए आप अपने बच्चों को इन कला गतिविधियों में शामिल कर सकते हैं।ये गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ उनके लिए फायदेमंद भी हो सकती हैं।

### रंगों से खेलना

बच्चों को रंगों से खेलना सिखाएं। उन्हें अलग-अलग रंगों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करें। आप उन्हें रंगीन कागज, रंगीन पेंसिल या मार्कर्स दे सकते हैं।इसके अलावा आप उन्हें रंगों के मिश्रण से नए रंग बनाने की कला भी सिखा सकते हैं। इससे बच्चे न केवल रंगों के बारे में जानेंगे, बल्कि उनकी कल्पना शक्ति भी बढ़ेगी।यह गतिविधि बच्चों को ध्यान केंद्रित करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करेगी।

### चित्रकारी करना

चित्रकारी बच्चों की कला कौशल विकसित करने का एक बेहतरीन तरीका है। आप उन्हें अलग-अलग प्रकार की चित्रकारी सिखा सकते हैं जैसे कि पानी से रंगना, तेल रंगना या एक्रिलिक रंगना।इसके अलावा आप उन्हें नेचर स्केचिंग, पोर्ट्रेट ड्राइंग या कार्टून ड्राइंग भी सिखा सकते हैं। इससे उनकी कल्पना शक्ति बढ़ेगी और वे अपने विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकेंगे।यह गतिविधि बच्चों को ध्यान केंद्रित करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करेगी।

### संगीत वादन करना

संगीत वादन बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा माध्यम हो सकता है। आप उन्हें अलग-अलग प्रकार के संगीत के यंत्र सिखा सकते हैं जैसे कि गिटार, पियानो या ड्रम्स।इसके अलावा आप उन्हें गाना गाना या नाच-गाना भी सिखा सकते हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।यह गतिविधि बच्चों को अनुशासन और समय प्रबंधन की अहमियत भी सिखाएगी।

### कहानी लिखना

कहानी लेखन बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।


आप उन्हें अपनी कहानियां लिखने के लिए प्रेरित करें, जिसमें वे अपने पात्र खुद बना सकें और उनके साथ नई रोमांचक घटनाएं जोड़ सकें। इससे उनकी लिखने की क्षमता में सुधार होगा और वे अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकेंगे।इसके अलावा यह गतिविधि बच्चों को अनुशासन और समय प्रबंधन की अहमियत भी सिखाएगी।

### खाना बनाना

खाना बनाना न केवल एक कला गतिविधि बल्कि जीवन कौशल भी है। बच्चों को अलग-अलग व्यंजन बनाना सिखाएं, जिससे वे समय प्रबंधन, साफ-सफाई और पोषण की अहमियत समझ सकें।इसके अलावा खाना बनाना बच्चों को टीम वर्क और सहयोग की अहमियत भी सिखाएगा।

इन सभी कला गतिविधियों से न केवल बच्चे फोन से दूर रहेंगे बल्कि उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी और वे मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

## बारबेल हिप थ्रस्ट को सही तरीके से करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



बारबेल हिप थ्रस्ट एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो आपके ग्लूट्स और कोर मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह एक्सरसाइज न केवल आपके शरीर को आकर्षक बनाता है, बल्कि आपकी मुद्रा को भी सुधारता है।इस लेख में हम आपको बारबेल हिप थ्रस्ट को सही तरीके से करने के कुछ खास सुझाव देंगे, जिससे आप इस एक्सरसाइज का पूरा फायदा उठा सकें और अपने फिटनेस लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकें।

### सही स्थिति में बैठें

बारबेल हिप थ्रस्ट करते समय सबसे पहले सही स्थिति में बैठना जरूरी है।

इसके लिए आपको एक बेंच या प्लेटफॉर्म की जरूरत होगी, जिस पर आप अपने कंधों को पीछे की ओर झुकाकर आराम से रखें। इसके बाद आपके पैरों को जमीन पर रखना होगा ताकि आप आसानी से ऊपर-नीचे हो सकें। ध्यान रखें कि आपके कंधे और पीठ पूरी तरह से बेंच पर होनी चाहिए और पैर जमीन से जुड़े होने चाहिए।

### बारबेल सेटअप करें

बारबेल हिप थ्रस्ट करने से पहले बारबेल को अपने कूल्हों के ऊपर रखें।

इसके लिए बारबेल को अपनी जांघों के पास लाएं और फिर इसे अपनी कमर के ऊपर तक खींचें। इससे आपको वजन उठाने में मदद मिलेगी।बारबेल को सही तरीके से सेट करने के लिए अपने हाथों को दोनों ओर से पकड़ें और बारबेल को स्थिर रखें।इसके बाद धीरे-धीरे ऊपर-नीचे होना शुरू करें, जिससे आपकी पीठ और ग्लूट्स पर पूरा जोर पड़ेगा।

### धीरे-धीरे ऊपर-नीचे हों

बारबेल हिप थ्रस्ट करते समय धीरे-धीरे ऊपर-नीचे होना बहुत जरूरी है। शुरुआत में धीरे-धीरे नीचे आएं और फिर धीरे-धीरे ऊपर उठें।इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपकी पीठ और ग्लूट्स पर पूरा जोर पड़े। ध्यान रखें कि ऊपर उठते समय आपकी पीठ पूरी तरह सीधी होनी चाहिए और नीचे आते समय हल्का झुकाव हो सकता है।इससे आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से काम करेंगी और आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### सांसों पर ध्यान दें

बारबेल हिप थ्रस्ट करते समय अपनी सांसों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। ऊपर उठते समय सांस लें और नीचे आते समय सांस छोड़ें।सही तरीके से सांस लेने से आपकी ऊर्जा स्तर बढ़ती है और आप अधिक प्रभावी ढंग से व्यायाम कर पाते हैं।इसके अलावा यह आपकी मांसपेशियों को अधिक ताकत देता है और आपको थकान महसूस नहीं होती।इस प्रकार सही तरीके से आप अपनी फिटनेस लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

### वार्म-अप और कूल-डाउन करें

कोई भी एक्सरसाइज करने से पहले वार्म-अप करना चाहिए और बाद में कूल-डाउन करना चाहिए।वार्म-अप करने से आपकी मांसपेशियां तैयार होती हैं और चोट लगने का खतरा कम होता है। इसके अलावा कूल-डाउन करने से आपकी शरीर की गर्मी धीरे-धीरे कम होती है और मांसपेशियां आराम करती हैं। इन सभी सुझावों को ध्यान में रखते हुए आप बारबेल हिप थ्रस्ट एक्सरसाइज को सही तरीके से कर सकते हैं और इसका पूरा लाभ उठा सकते हैं।

## आन लाइन कार्य करने की कवायद, अनेक स्थानों पर हो रहे आफ लाइन

नर्मदापुरम (निप्र)। संभाग मुख्यालय पर अनेक कार्यालयों में आन लाइन कार्य करने के लिए आदेश निर्देश दिए जाने के बाद भी आफ लाइन कार्य किए जा रहे हैं। प्रशासन स्तर पर आन लाइन की कवायदें की जा रही हैं। लेकिन बाबू राज ऐसा है कि वे आफ लाइन का तोड ही निकाल लेते हैं। कमिश्नरी में ही अनेक कार्य अ्राफ लाइन में होते हैं।

## श्रीकृष्ण.रुक्मिणी विवाह लीला का भक्तिमय वर्णन

माखन नगर। (निप्र)।श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण.रुक्मिणी विवाह की दिव्य और भावविभोर कर देने वाली लीला का वर्णन कथा वाचक पं सद्भव तिवारी मानससुमन के श्रीमुख से हुआ। कथा स्थल माँ नर्मदा की गोद में स्थित नंगवाड़ा, माखननगर में भक्तों की भारी उपस्थिति रही।श्रोताओं को श्रीकृष्ण के जीवन में रुक्मिणी जी के आदर्श प्रेम समर्पण और साहस का अनुपम दर्शन हुआ। पं सद्भव तिवारी ने कहा कि रुक्मिणी विवाह लीला में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का संदेश छिपा है जो आज भी हर भक्त के लिए मार्गदर्शक है।

## नर्मदा महाविद्यालय के सामने महाराणा प्रताप जयंती मनाई

### राज्यसभा सांसद और नपाध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत देश की शान महाराणा प्रताप की जयंती आज नगर में हर्षोल्लास से मनाई गई। एनएमवी कालेज के सामने स्थापित विशालकाय प्रतिमा पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती नारोलिया द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया। माल्यार्पण कार्यक्रम में विधायक डॉ सीताशरण शर्मा पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पं पीयूष शर्मा मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे रूपेश राजपूत अर्पित मालवीय रामू चौहान लक्ष्मण बैस कपिल चौहान कमल चाव्हाण विशाल दीवान आदि द्वारा माल्यापण किया गया।

## बारिश पूर्व नपा का स्वच्छता अभियान जारी

### नपाध्यक्ष ने इंदिरा चौक स्थित नाले का किया निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर में चल रहे बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा इंदिरा चौक इतवारा बाजार क्षेत्र के नाले का निरीक्षण किया गया। साथ ही बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि शहर में चल स्वच्छता अभियान के तहत आज नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा इंदिरा चौक स्थित नाले का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर नाले नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या निर्माण है तो तत्काल हटाकर वहां सफाई कराएं। बाजार क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इस दौरान नपाध्यक्ष द्वारा वार्डवासियों से चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें। यहां वहां कचरा न फैंकें। इससे न केवल स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है बल्कि नगर के नाले नालियों में फंसकर जलमार्ग अवरूद्ध करते हैं। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर उपनिरीक्षक संजय लुटारे विशाल शर्मा रामसिंह सहित स्वच्छता दूत उपस्थित थे।

*माफिया मौज उड़ा रहे है, नौकर दफ्तरों व बंगले में ऐशी चलाकर आराम फरमा रहे हैं*

# सड़कों पर बिखर रही शराब के बाद भी बेशरम जबावदारों को नहीं है कोई शर्म

### अब तो थोक में तबादले की जरुरत है, लापरवाह तथाकथित अधिकारियों को दिखाया जाए बाहर का रास्ता

## विधायक की चेतावनी के बाद हल्का असर होने के बाद फिर लालची और भ्रष्टाचारियों की बढ़ने लगी मनमानी



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में व्याप्त अव्यवस्थाएं, माफिया राज, तथाकथित अधिकारियों की मनमानी, कम होने का नाम नहीं ले रही है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा को ज्ञापन दिए हुए कुछ ही दिन हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों की लापरवाही के चलते ही ज्ञापन देना उचित समझा था। इसके बाद भी जिले में शराब माफिया, रेत माफिया, प्रशासन की आंख के सामने सरेआम अवैधानिक कार्य कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर शराब ढोने वालों की शराब की बोतलें बिखरने पर यह सिद्ध हुआ है कि जिला मुख्यालय पर अवैध शराब के कारोबार को तथाकथित जबावदार अधिकारी जो मोटी तनखा लेकर अपना थोंद बढ़ा रहे हैं। ऐसे बेशरमों को कोई शर्म नहीं आ रही है। आम लोग चौक चौराहों पर यह चर्चा कर रहे हैं कि जिलें लंबे समय से ऐश कर रहे लापरवाह अधिकारियों को यहां से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। लोग गुस्से में यहां तक कह रहे हैं कि जिन लोगों की बजह से शांत शहर में शराब व अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने में अक्षम सिद्ध हो रहे सरकारी नौकरों को यहां से हटाकर पाकिस्तान की बार्डर पर भेज दिया जाना चाहिए। प्रशासन में बैठे जबावदार नौकर नौकरानियां मजे कर रहे हैं। उन्हें जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं। शहर की सड़कों पर दिन रात अवैध रेत का परिवहन होता रहता है। दिन रात शहर में दर्जनों स्थानों पर अवैधानिक रूप से शराब का कारोबार जारी रहता है। मां नर्मदा के घाटों पर लगातार मछलियां मारी जाती हैं। लेकिन प्रशासन नाम का तंत्र अपनी आंखो पर पट्टी बांध कर चुपचाप भ्रष्टाचार में लगे हुए हैं। माफिया मौज उड़ा रहे है। नौकर बंगले में आराम फरमा रहे हैं।

### किसान, मजदूर, महिलाएं सभी परेशान

मुख्यालय सहित जिले में किसान, मजदूर, महिलाएं, तथा आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। उनकी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिलता, बोनी के समय खाद बीज नहीं मिलता, जब वे आफिसों के चक्कर काटते हैं तब भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नौकर नौकरानियां ध्यान नहीं देते हैं।

*पाकिस्तान की बार्डर पर तैनात किया जाए लापरवाही करने वालों को*

### मार्ग से निकलना हो रहा दूभर

कई महिनों से शहर की सड़कें खुदी पड़ी हैं। अमृत के नाम पर सड़क निर्माण के नाम पर सड़कें खोद कर कई महिनों तक ऐसे ही पड़ी रहती है। लेकिन पट्टी बांधे हुए को नहीं दिखता है कि मुख्यालय के नागरिकों की सुविधा के लिए उन ठेकेदारों से दो शब्द कह दें। इतनी हिम्मन नहीं रहती है।

### थोक में तबदाले आवश्यक हैं

वर्षों से तथा कुछ महिनों से जो कार्य करने के लायक नहीं हैं ऐसे नालायकों को यहां से कहीं दूर बाहर दूसरे जिले में भेजा जाना चाहिए। जिले से थोक में तबादले की जरूरत है। जिससे शांत शहर में अशांत टाइप के नौकर और नौकरानियों को हटाया जाना आवश्यक हो गया है। क्योंकि उनसे व्यवस्थाएं संभाले नहीं संभल रही है। लंबे समय से ऐश कर रहे हैं।

### जनप्रतिनिधि इन्हें हटाने में रूचि लें

जो जनप्रतिनिधि कहलाते हैं उन्हें भी लापरवाहों को हटाने में रूचि लेना चाहिए। वे चाहे सत्तारूढ पार्टी के हों या विपक्ष के हों उन्हें जनता की वोट का ध्यान रखना चाहिए। जनता ने उन्हें वोट सर, सर कहके सिर पर चढ़ाने के लिए नहीं दी है।

*जल गंगा संवर्धन अभियान*

## जल संरक्षण के लिए ग्राम बनवारी में सोख्ते गड्ढे का निर्माण एवं जागरुकता रैली



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नर्मदापुरम द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड पिपरिया के ग्राम बनवारी में जल संरक्षण को लेकर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनवारी द्वारा श्रमदान के माध्यम से गांव में सोख्ते गड्ढे का निर्माण किया गया, जिससे वर्षा जल को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इस पहल के साथ ही ग्राम में एक रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से जल बचाने के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनवारी के अध्यक्ष खूबचंद रघुवंशी सहित समिति के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल-संरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेंगे।

## *आज आयोजित की जाएगी नेशनल लोक अदालत*

*नर्मदापुरम (निप्र)। नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को एडीआर सेंटर नर्मदा पुरम के सभा कक्ष में प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य मामले भुगतान एवं निपटान अधिनियम के मामले बैंक वसूली, बिजली बिल, जल बिल वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर ) तथा सिविल मामले जैसे किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, मुकदमे विशिष्ट, प्रदर्शन मुकदमे आदि एवं अन्य मामलों का आपसी सुलह एवं समझौता से निराकरण किया जाएगा।*

### नगवाड़ा में नंदलाला का जन्मोत्सवए झूमे भक्त

माखननगर (निप्र)। नंगवाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आज भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का भव्य आयोजन हुआ। कथा वाचक मानससुमन पं सद्भव तिवारी ने बड़े ही मनोहारी ढंग से कृष्ण जन्म लीला का वर्णन कियाए जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण आनंद से झूम उठे। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चली कथा में पूरा पंडाल श्नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्री तिवारी ने कृष्ण के बाल स्वरूपए उनकी अद्भुत लीलाओं और कंस के अत्याचारों का मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार धर्म की स्थापना और दुष्टों के संहार के लिए भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। कथा के दौरान कृष्ण जन्म के भजन और कीर्तन सुनकर भक्त भावविभोर हो गए और कई लोग नृत्य करने लगे।इस अवसर पर विशेष झांकी सजाई गई थी, जिसमें भगवान कृष्ण के जन्म की सुंदर प्रस्तुति दी गई थी। आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी गई और प्रसाद वितरण किया गया।

# वर्धमान फेब्रिक्स बुदनी में ब्लड डोनेशन केंप का आयोजन हुआ

### जिला ब्लड सेंटर जिला अस्पताल, एवं जिला रेडक्रास सोसायटी नर्मदापुरम की पेरामेडिकल टीम रही मौजूद





## लगभग 90 अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साह से किया रक्तदान

नर्मदापुरम(निप्र)। वर्धमान फेब्रिक्स बुदनी में पद्मभूषण वर्धमान ग्रुप के चेयरमेन एसपी ओसवाल के जन्मदिन पर आई एम ब्लड डोनर के तहत ब्लड डोनेशन केंप का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के लगभग 90 अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा उत्साह के साथ रक्तदान किया गया। जिसमें जिला ब्लड सेंटर जिला अस्पताल, एवं जिला रेडक्रास सोसायटी की पेरामेडिकल टीम के द्वारा रक्तदान की सभी आवश्यक की व्यवस्थाएं की गई। कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों के संयोजन में ब्लड डोनेशन केंप बीते वर्षों में भी आयोजित होता रहा है। ब्लड डोनेशन टीम में डाक्टर दीपांशु पवार, डॉ अकुल गरदे, के साथ ही शेरसिंह बडकुर, रेखा कापसे, राजेंद्र द्विवेदी, पंकज शर्मा, प्रतीक यादव, घीरज मंडलोई, रवि यादव तैनात रहे।डाक्टरों ने ब्लड डोनेशनकर्ताओं को बताया कि सभी को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए इससे किसी की जान बच सकती है।

रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान के तहत यह आयोजन किया गया। अनेक युवा कर्मचारियों ने रक्तदान करने की प्रेरणा लेते हुए रक्तदान किया व अनेक लोगों ने रक्तदान करने का संकल्प लिया।

## सभी राजस्व अधिकारी लोक सेवा के सभी घटकों में बेहतर प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

### प्रमुख योजनाओं के तहत हितग्राहियों की ई केवाईसी प्रक्रिया में पूर्ण सेचुरेशन प्राप्त किया जाए

नर्मदापुरम (निप्र)। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आरओ बैठक के दौरान कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल सीमांकन, बटवारा, सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, समग्र ई-केवाईसी, पीएम किसान सम्मान ई केवाईसी सहित अन्य बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आरसीएमएस (RCMS) पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण किए जाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि यदि कोई राजस्व अधिकारी इस कार्य में लापरवाही करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जाए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण को लेकर सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में लोक सेवा गारंटी से संबंधित कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# राशन लेने वाले सभी हितग्राहियों का ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराया जाए : प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि शमी राव

*किसानों के त्रुटिपूर्ण बैंक खातों को संशोधित कर खातों को आधार से लिंक कराया जाए*

*प्रमुख सचिव खाद्य ने ई केवाईसी अभियान एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समीक्षा की*




नर्मदापुरम (निप्र)। उचित मूल्य दुकान से राशन लेने वाले सभी पात्र हितग्राही की ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराई जाए। साथ ही सभी को तीन माह का एकमुश्त राशन भी प्रदान किया जाए, इसके साथ ही नवीन हितग्राहियों के भी ई केवाईसी अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। उक्त निर्देश खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि शमी राव ने दिए। प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनएफएसए अंतर्गत हितग्राहियों के ई केवाईसी अभियान एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि किसानों के त्रुटिपूर्ण बैंक खातों को सुधार कर एवं उसमें संशोधन कर सभी बैंक खातों को आधार से अनिवार्य रूप से लिंक कराया जाए। उन्होंने कहा कि असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूं के बचाव एवं सुरक्षित भंडारण हेतु शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर लागिन मैं दर्ज कृषकों से 9 मई 2025 तक गेहूं खरीदी का कार्य पूर्ण कर लिया जाए एवं उपार्जित गेहूं के परिवहन स्वीकृति पत्रक एवं भुगतान की कार्रवाई 7 दिवस में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए। किसानों के भुगतान के लंबित एपीओ पर शीघ्र डिजिटल हस्ताक्षर भी सभी कलेक्टर करें। प्रमुख सचिव ने कहा कि धान एवं गेहूं के भुगतान संबंधी जितने भी प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में लंबित हैं उन सब का संतोषजनक निराकरण कर लिया जाए साथ ही 100 दिवस से अधिक के सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का निराकरण भी शीघ्र ही किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष के उपार्जित धान की शॉर्टेज मात्रा की वसूली तथा किसानों के भुगतान की कार्यवाही भी की जाए। जिंन मिलर्स की जांच की जा रही है उनकी जांच भी समय सीमा में पूर्ण कर ली जाए।

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि जो भी हितग्राही मृत या अपात्र है या जिनका अस्तित्व नहीं है ऐसे हितग्राहियों का नाम सूची से विलोपित किया जाए। ई केवाईसी अभियान एवं मेरा ई केवाईसी एप के माध्यम से ई केवाईसी का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। सभी एसडीएम अपने पटवारी , नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के माध्यम से ई केवाईसी की प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें तथा कलेक्टर भी हर सप्ताह इसकी समीक्षा करें।

प्रमुख सचिव ने कहा कि ई केवाईसी बनाने के लिए एसडीएम द्वारा शिविर आयोजनों की तिथियां निर्धारित की जाए और सहकारिता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग तथा एनआरएलएम के अमले को ईकेवाईसी बनाने के कार्य में उनका सक्रिय सहयोग लिया जाए।प्रमुख सचिव ने बताया कि हितग्राही स्वयं भी अपना ई केवाईसी बना सकते हैं , पीओएस मशीन के अतिरिक्त ई केवाईसी के विकल्प के रूप में मेरा ई केवाईसी ऐप को राज्य में उपलब्ध कराया गया है हितग्राही इसके माध्यम से स्वयं भी ई केवाईसी बना सकते हैं।

प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की कुल हितग्राहियों के लगभग 84% की ई केवाईसी बनाए गए हैं लेकिन अभी भी 83 लाख हितग्राहियों के ई केवाईसी किया जाना शेष है। उन्होंने निर्देश दिए की शत प्रतिशत की ई केवाईसी किए जाने के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में ई केवाईसी बनाने की रफ्तार को बढ़ाया जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान आयुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत समर इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर

नर्मदापुरम (निप्र)। समर इंटर्नशिप अपॉर्च्युनिटी विथ प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत समर इंटर्नशिप उन छात्रों के लिए डिज़ाइन की गई है जो वर्तमान में बी.आर्क और एम.आर्क तथा बी.ई/बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग के छात्र उक्त कार्यक्रम के लिए नामांकित होना हैं। जिसके अंतर्गत छात्रों को प्रदत्त क्षेत्र में विशिष्ट भू-जलवायु क्षेत्रों का दौरा करना होगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास प्रकारों का दस्तावेज़ीकरण करना होगा। यह अध्ययन मध्य प्रदेश के 55 जिलों के 313 विकासखण्ड अंतर्गत किया जाना है। अध्ययन हेतु दस्तावेज़ीकरण का टेम्पलेट एसपीए भोपाल द्वारा विकसित किया गया है। जो मध्य प्रदेश में पीएमएवाई-जी शील्ड के लिए पीएमयू में अनुसंधान सलाहकार विंग है। एसपीए भोपाल 14 मई 2025 को प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (ऑनलाइन) आयोजित करेगा। जिससे उन्हें छात्र समुदाय के बीच इंटर्नशिप के विवरण का प्रसार करने में मदद मिलेगी।

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन 20 मई 2025 तक खुले हैं। छात्रों को दिए गए लिंक पर https://forms.gle/c{sSCM~fyUjXUg-mo9 गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रों को उनके चयन और पोस्टिंग के स्थान के बारे में 26 मई 2025 तक सूचित किया जाएगा। उन्हें 2 जून 2025 को भोपाल, विकास भवन अरेरा हिल्स में रिपोर्ट करना होगा, जहां उनका ओरिएंटेशन आयोजित किया जाएगा।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*

# मध्यप्रदेश में बहेगी समृद्धि की जलधारा



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

## 'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'

## मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के मध्य एमओयू

मुख्य अतिथि
**देवेन्द्र फडणवीस**
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल

D-11022/25

**मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार**

यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी

**सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति**

'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी

**लाभान्वित जिले**

खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी



सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025